

वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2006 - 2007

भारतीय मानक ब्यूरो
BUREAU OF INDIAN STANDARDS

ब्यूरो के प्रधान अधिकारी, कार्यकारिणी समिति और महानिदेशालय
(31 मार्च 2007 के अनुसार)

PRINCIPAL OFFICERS OF BUREAU, EXECUTIVE COMMITTEE AND THE DIRECTORATE GENERAL (as on 31 March 2007)

भारतीय मानक ब्यूरो BUREAU OF INDIAN STANDARDS

अध्यक्ष	President	श्री शरद पवार केंद्रीय कृषि, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री	Shri Sharad Pawar Union Minister for Agriculture, Consumer Affairs, Food and Public Distribution
उपाध्यक्ष	Vice President	श्री तस्लीमुद्दीन राज्य उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री	Shri Taslimuddin Minister of State for Consumer Affairs, Food and Public Distribution
अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति	Chairperson, Executive Committee	श्रीमती अलका सिरोही महानिदेशक, भा मा ब्यूरो	Smt. Alka Sirohi Director General, BIS

भा मा ब्यूरो महानिदेशालय BIS DIRECTORATE GENERAL

मुख्यालय	Headquarters		
महानिदेशक	Director General	श्रीमती अलका सिरोही	Smt. Alka Sirohi
अपर महानिदेशक	Additional Director General	श्री राकेश वर्मा	Shri Rakesh Verma
अपर महानिदेशक	Additional Director General	श्री यशपाल सिंह	Shri Yash Pal Singh
मुख्य सतर्कता अधिकारी	Chief Vigilance Officer	श्री अनंत ढुल	Shri Anant Dhul
उप महानिदेशक	Deputy Director General		
प्रशासन	Administration	श्री दीपक के. सिंह	Shri Deepak K. Singh
वैज्ञानिक 'एफ' (उप महानिदेशक)	Scientist F (Deputy Director Generals)		
प्रयोगशाला	Laboratory	श्री चंदर शेखर	Shri Chander Shekhar
मुहरांकन	Marks	श्री एस. के. चौधरी	Shri S. K. Chaudhury
तकनीकी	Technical	श्री एस. एम. भाटिया	Shri S. M. Bhatia
हॉलमार्किंग	Hallmarking	श्री ए. के. तलवार	Shri A. K. Talwar
परियोजना, योजना और समन्वय	Project, Planning & Co-ordination	श्री सुखबीर सिंह	Shri Sukh Bir Singh

क्षेत्रीय कार्यालय	Regional Offices		
वैज्ञानिक 'एफ' (उप महानिदेशक)	Scientist F (Deputy Director Generals)		
मध्य क्षेत्र	Central Region	श्री एस. के. गुप्ता	Shri S. K. Gupta
पश्चिमी क्षेत्र	Western Region	श्री ए. एस. बासु	Shri A. S. Basu
पूर्वी क्षेत्र	Eastern Region	श्री एस. दासगुप्ता	Shri S. Dasgupta
दक्षिणी क्षेत्र	Southern Region	श्री पी. सेनगुप्ता	Shri P. Sengupta
उत्तरी क्षेत्र	Northern Region	श्री भूपेन्द्र सिंह	Shri Bhupinder Singh

अभिलेख
ARCHIVES

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2006-07

भारतीय मानक ब्यूरो पुस्तकालय
BUREAU OF INDIAN STANDARDS LIBRARY
4164 (Misc)
दिनांक Date 9-6-2010
नई दिल्ली NEW DELHI

भारतीय मानक ब्यूरो पुस्तकालय
BUREAU OF INDIAN STANDARDS LIBRARY
दिनांक Date 300508
नई दिल्ली NEW DELHI

मानक: पथप्रदर्शक :

भारतीय मानक ब्यूरो
BUREAU OF INDIAN STANDARDS

विषय सूची
CONTENTS

1. सिंहावलोकन
Overview 1

2. नीतिगत कार्यप्रणालियाँ और आयोजना
Policy Strategies and Planning 4

3. मानक
Standards 4

4. प्रमाणन
Certification 20

5. प्रयोगशाला सेवाएँ
Laboratory Services 31

6. सतर्कता गतिविधियाँ
Vigilance Activities 34

7. तकनीकी सूचना सेवाएँ
Technical Information Services 37

8. प्रशिक्षण सेवाएँ
Training Services 41

9. उपभोक्ता संबंधित गतिविधियाँ
Consumer Related Activities 43

10. अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ
International Activities 45

11. कम्प्यूटरीकरण और कार्यालय स्वचालन
Computerization and Office Automation 54

12. परियोजना प्रबंध
Project Management 55

13. मानव संसाधन विकास
Human Resource Development 56

14. वित्त, लेखा और लेखा परीक्षण
Finance, Accounts and Audit 57

सिंहावलोकन
OVERVIEW

भारतीय मानक ब्यूरो पूर्व भारतीय मानक संस्थान (आईएसआई) के कर्मचारियों, परिसम्पत्तियों, देयताओं और प्रकार्यों को लेते हुए एक व्यापक विषयक्षेत्र तथा अधिक अधिकारों सहित संसद के एक अधिनियम, दिनाँक 26 नवम्बर 1986 के माध्यम से दिनाँक 1 अप्रैल 1987 को अस्तित्व में आया। इस परिवर्तन के माध्यम से सरकार ने राष्ट्रीय मानकों के निर्धारण और कार्यान्वयन में गुणता संस्कृति और सचेतता तथा उपभोक्ताओं की अधिक भागीदारी का माहोल निर्मित करने की कल्पना की।

ब्यूरो केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री अध्यक्ष और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री इसके उपाध्यक्ष के रूप में तथा केन्द्रीय एवं राज्य, दोनों सरकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों, संसद, उद्योग, वैज्ञानिक एवं अनुसंधान संस्थानों, उपभोक्ता संगठनों और व्यावसायिक निकायों के 25 सदस्यों सहित एक निकाय कॉर्पोरेट है।

भा मा ब्यूरो की संरचना पिछले कवर पृष्ठ के अदरूनी भाग पर दी गई है।

संगठनात्मक नेटवर्क

नई दिल्ली स्थित मुख्यालय के साथ कोलकता (पूर्वी), चेन्नई (दक्षिणी), मुम्बई (पश्चिमी), चंडीगढ़ (उत्तरी) और दिल्ली (मध्य) में 5 क्षेत्रीय कार्यालयों तथा अहमदाबाद, बैंगलोर, भुवनेश्वर, भोपाल, कोयम्बटूर, फरीदाबाद, गाज़ियाबाद, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कानपुर, लखनऊ, नागपुर, परवानू, पटना, पुणे, राजकोट, तिरूवनन्तपुरम और विशाखापटनम स्थित शाखा कार्यालयों (पिछले कवर पृष्ठ के बाहरी भाग पर दिया गया है) के एक नेटवर्क सहित क्षेत्र की राज्य सरकारों, उद्योगों, तकनीकी संस्थानों, उपभोक्ता संगठनों आदि के बीच प्रभावी कड़ी के रूप में कार्य करता है।

गतिविधियाँ

भा मा ब्यूरो की गतिविधियाँ स्थूल रूप से निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत समूहित की जा सकती हैं:

क) मानक निर्धारण

ख) प्रमाणनः उत्पाद/पद्धतियाँ

ग) प्रयोगशाला सेवाएँ

घ) भारतीय मानकों/अन्य प्रकाशनों की बिक्री

ड.) अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ

च) उपभोक्ता संबंधी गतिविधियाँ

Bureau of Indian Standards (BIS) came into existence, through an Act of Parliament dated 26 November 1986, on 1 April 1987, with a broadened scope and more powers taking over the staff, assets, liabilities and functions of erstwhile Indian Standards Institution (ISI). Through this change over, the Government envisaged building a climate for quality culture and consciousness and greater participation of consumers in formulation and implementation of National Standards.

The Bureau is a Body Corporate consisting of 25 members representing both Central and State governments, Members of Parliament, industry, scientific and research institutions, consumer organizations and professional bodies with Union Minister of Consumer Affairs, Food and Public Distribution as its President and with Minister of State for Consumer Affairs, Food and Public Distribution as its Vice-President.

The structure of BIS is given on the inside back cover page.

Organizational Network

With BIS Headquarters at New Delhi, a network of 5 Regional Offices at Kolkata (Eastern), Chennai (Southern), Mumbai (Western), Chandigarh (Northern) and Delhi (Central) and Branch Offices at Ahmedabad, Bangalore, Bhubaneshwar, Bhopal, Coimbatore, Faridabad, Ghaziabad, Guwahati, Hyderabad, Jaipur, Kanpur, Lucknow, Nagpur, Parwanoo, Patna, Pune, Rajkot, Thiruvananthapuram and Vishakhapatnam (depicted on the back cover page) serve as effective links between State Governments, industries, technical institutions, consumer organizations, etc of the region.

Activities

The activities of BIS can be broadly grouped under the following heads:

a) Standards Formulation

b) Certification : Product/Systems

c) Laboratory Services

d) Sales of Indian Standards/ other publications

e) International Activities

f) Consumer Related Activities

छ) संवर्धन गतिविधियाँ

ज) प्रशिक्षण सेवाएँ

झ) सूचना सेवाएँ

ञ) वित्तीय, संसाधन–उगाही और उपयोगिता आदि

भारतीय मानक ब्यूरो ने इस बदलते समग्र वैश्विक परिदृश्य में प्रतिबल और गतिशीलता बनाए रखी है तथा वर्ष 2006–07 के दौरान चहुँमुखी प्रगति की है। ब्यूरो में 1453.23 मिलियन रु. की कुल आय दर्ज़ की गई और पिछले वर्ष की आय में 19.12 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। लगातार अठारहवें वर्ष, भा मा ब्यूरो ने अपने आवर्ती और गैर–आवर्ती व्यय स्वयं अपने संसाधनों से पूरे किए।

वर्ष 2005–06 के दौरान कुछ प्रमुख उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं:

- विषयों की व्यापक परास को शामिल करते हुए 327 राष्ट्रीय मानकों का निर्धारण। सार्वजनिक रुचि के कुछ महत्वपूर्ण मानक खाद्य सुरक्षा प्रबंध पद्धतियों पर हैं – एकल कैप वाले प्रतिदीप्तिशील लैम्प; परीक्षण मूल्याँकन, एसी बिजली मीटरों की संस्थापना और अनुरक्षण–रीति संहिता; घरेलू फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रीजरेटिंग उपकरण–आंतरिक प्रबलित वायु संचलन द्वारा ठण्डे किए गए रेफ्रीजरेटर और परीक्षण विधियाँ –विशिष्टि; फालो अप फार्मूला पूरक आहार; वस्त्रोद्योग–गैर घरेलू फर्नीचर के लिए प्रयुक्त अपहोल्स्टर्ड सम्मिश्रों का परीक्षण प्रज्वलन; व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंध पद्धतियाँ –उपयोग के लिए मार्गदर्शन सहित आवश्यकताएँ; उच्च दृष्टव्यता सहित चेतावनी देने वाले कपड़े; सूचना और प्रलेखन अंतर्राष्ट्रीय मानक पुस्तक संख्या (आईएसबीएन); भवन सामग्री हेतु भारतीय मानकों का सारांश। दिनांक 31 मार्च 2007 को मानकों की कुल संख्या 18 315 रही ।
- अब तक 4 449 भारतीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ सुमेलित किया गया है। उन मानकों की संख्या पर विचार करते हुए, जहाँ संगत आईएसओ/आईईसी मानक मौजूद है, लगभग 74 प्रतिशत मानकों का सुमेलन किया गया है।
- 2 468 उत्पाद प्रमाणन लाइसेंस प्रदान करना। दिनांक 31 मार्च 2007 को प्रचालित लाइसेंसों की कुल संख्या 19 286 (हॉल–मार्किंग के अतिरिक्त) है।
- वर्ष के दौरान पहली बार 24 उत्पादों को प्रमाणन योजना के अंतर्गत शामिल किया गया। ये उत्पाद हैं पशुधन भोजन के घटक के रूप में सरसों और रेप्सीड तेल केक; क्षैतिज अकेंद्रिक स्वयं प्राइमिंग पम्प; विद्युत उपकरण के धूल रोधी ज्वाला रोधी आवेष्टन; एंटी स्ट्रिपिंग एजेंट (एमिन प्रकार); षटकोणीय सॉकेट हैड कैप पैंच; दीवार घड़ी (बेटरी से चलने वाली); सामान्य प्रयोजन के लिए बांस की चटाई का बोर्ड; प्राकृतिक मिनरल जल और पैकेजबंद पेय जल को पैक करने के लिए आधान बुझते हाइड्रोकार्बन और ध्रुवीय विलायक तंतुओं के लिए बहु प्रयोजन जलीय पर्त बनाने वाला झागदार तरल सान्द्र; इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एसएल; ठण्डे और गर्म पानी की आपूर्ति के लिए पोलीएथिलीन/एल्युमिनियम/पोलीएथिलीन

g) Promotional Activities

h) Training Services

i) Information Services

j) Financial, Resources – Mobilization and Utilization etc

Bureau of Indian Standards has maintained the thrust and dynamism in the changing global scenario and exhibited an all round progress during the year 2006-07. It recorded a total income of Rs 1453.23 million and a growth of over 19.12 percent over the income in the previous year. For the eighteenth consecutive year, BIS met its recurring and non-plan expenditure from its own resources.

The highlights of achievements during 2006-07 are:

- Formulation of 327 national standards covering wide range of subjects. Some important standards of public interest are on Single capped Fluorescent Lamps; Testing Evaluation, Installation and Maintenance of AC Electricity Meters – Code of Practice; Household Frost-free Refrigerating Appliances – Refrigerators Cooled by Internal Forced Air Circulation and Test Methods – Specification; Follow-up Formula Complementary Foods; Textiles – Resistance to Ignition of Upholstered Composites Used for Non-Domestic Furniture; Occupational Health and Safety Management Systems – Requirements with Guidance for Use; High Visibility Warning Clothes; Information and Documentation International Standard Book Number (ISBN); Summary of Indian Standards for Building Material. The total number of standards in force as on 31 March 2007 were 18 315.
- 4 449 Indian standards have been harmonized with International Standards so far. Considering number of standards where corresponding ISO/IEC Standards exist, about 74 percent standards are harmonized.
- 2 468 Product Certification licences have been granted. The total number of operative licences as on 31 March 2007 were 19 286 (excluding Hallmarking).
- During the year, 24 products were covered for the first time under the certification scheme. These products are Mustard and Rape Seed Oil Cake as Livestock Feed Ingredient; Horizontal Centrifugal Self-Priming Pumps; Dust Tight Ignition Proof Enclosures of Electrical Equipment; Antistripping Agents (Amine type); Hexagon Socket Head Cap Screw; Wall Clocks (Battery Operated); Bamboo Mat Board for General Purpose; Containers for Packaging of Natural Mineral Water and Packaged Drinking Water; Multipurpose Aqueous Film Forming Foam Liquid Concentrate for Extinguishing Hydro Carbon and Polar Solvent Fires; Imidacloprid 17.8 percent SL; Polyethylene/Aluminium/Polyethylene

सम्मिश्र दबाव पाइप; बत्ती उपकरण : फ्लड लाइट; दोहरे सिरे वाले रिंग रैंच (पाने); क्रैंकित; टेबल वाइन; फॉस्फेट विलायक जीवाणु संरोपण; सिरामिक टाइलों और मोजैक के साथ उपयोग के लिए आसंजक; खाद्य मूंगफली का आटा (कोल्हु से निकाला गया); स्वच्छ ठण्डे पानी के लिए उर्ध्व टर्बाइन मिश्रित और अक्षीय प्रवाह; इंसुलीकृत केबल के एल्युमिनियम संवाहकों के लिए संपीडन प्रकार के नालीदार कनेक्टर (संयोजक); काली चाय; स्वच्छ ठण्डे पानी के लिए क्षैतिज अपकेन्द्री पम्प; ग्लिसरोल मोनोस्टिएरेट, खाद्य ग्रेड; एजोस्पाइरिलियम संरोपण; घरेलू तिरछी सिलाई वाली मशीन।

- स्वर्ण/रजत आभूषणों के लिए सरल हॉलमार्किंग योजना के फलस्वरूप 31 मार्च 2007 को लाइसेंसों की संख्या में 3 466 तक की वृद्धि हुई। स्वर्ण आकलन के लिए एक संदर्भ प्रयोगशाला दक्षिणी क्षेत्रीय प्रयोगशाला, चेन्नई में विकासाधीन है।
- गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना के 74 लाइसेंस, पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन 20 लाइसेंस और 9 व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस प्रदान किए गए।
- भा मा ब्यूरो मानक मुहर के दुरुपयोग पर संपूर्ण भारत में 212 प्रवर्तन छापे डाले गए और 36 अभियोजन किए गए।
- भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं द्वारा जारी परीक्षण रिपोर्टों की संख्या 26 945 रही।
- वर्ष 2006–07 अवधि के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) परिषद् के सदस्य के रूप में भा मा ब्यूरो द्वारा वचनबद्धताओं की पूर्ति। आईएसओ परिषद आईएसओ की उच्चतम नियंत्रण निकाय है।
- विकासशील देशों को मानकीकरण और गुणता आश्वासन पर उनतालीसवाँ अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन और विकासशील देशों के लिए प्रबंध पद्धतियों पर तीसरे अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।
- अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) की स्थापना को मनाने के लिए 13 अक्तूबर, 2006 में विश्व मानक दिवस का आयोजन।
- दिनाँक 1 से 15 सितम्बर 2006 के दौरान हिन्दी पखवाड़े का आयोजन, जहाँ अनेक हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- दिनाँक 6 से 10 नवम्बर 2006 के दौरान "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" मनाया गया।
- दिनाँक 31 मार्च 2007 को भा मा ब्यूरो में 1 833 व्यक्ति कार्यरत थे।

(महानिदेशक)

वेबसाइट : www.bis.org.in

Composite Pressure Pipes for Hot and Cold Water Supplies; Luminaries: Flood Lights; Double Ended Ring Wrenches (Spanners); Cranked; Table Wine; Phosphate Solubilizing Bacterial Inoculants; Adhesive for Use with Ceramic Tiles and Mosaics; Edible Groundnut Flour (Expeller Pressed); Vertical Turbine Mixed and Axial Flow for Clear Cold Water; Compression Type Tubular in Line Connectors for Aluminum Conductors of Insulated Cables; Black Tea; Horizontal Centrifugal Pumps for Clear Cold Water; Glyceryl Monostearate, Food Grade; Azospirillum Inoculants; Household Zig-zag Sewing Machine.

- Simplified Hallmarking scheme for Gold/Silver jewellery has resulted in an increase of number of licences to 3 466 as on 31 March 2007. A referral Laboratory for Gold assaying is under development at Southern Regional Laboratory, Chennai.
- 74 Quality Management System certification licences, 20 Environmental Management Systems certification licences and 9 Occupational Health and Safety Management Systems certification licences were granted.
- 212 enforcement raids were carried out all over India on firms misusing the BIS Standard Mark and 36 convictions took place.
- Number of Test Reports issued by BIS Laboratories was 26 945.
- Fulfillment of obligations by BIS as a member of International Organization for Standardization (ISO) Council for the 2006-07 term. ISO Council is the highest governing body of ISO.
- Holding of the thirty-ninth International Training Programme on Standardization and Quality Assurance for developing countries, and the third International Training Programme on Management Systems for developing countries.
- Celebration of World Standards Day on 13 October 2006 to commemorate the establishment of the International Organization for Standardization (ISO).
- Celebration of Hindi Pakhwara during 1st to 15th September 2006 where a lot of different competitions in Hindi were organized.
- Observance of the 'Vigilance Awareness Week' during 6th to 10th November 2006.
- As on 31 March 2007, a total of 1 833 persons were on roll in BIS.

(Director General)

Website : www.bis.org.in

नीतिगत कार्यप्रणालियाँ और आगोजना

भारतीय मानक ब्यूरो वर्ष 1947 से भारत के राष्ट्रीय मानक निकाय के रूप में देश में मानकीकरण अभियान का प्रवर्तन और पोषण करने के लिए सफलतापूर्वक कार्य करता रहा है। भा मा ब्यूरो ने अपने प्रचालन को और अधिक उन्नत बनाने के लिए सेवाओं की दक्षता बढ़ाने की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं।

नई नीतियों/निर्देशक तत्वों के कार्यान्वयन में भा मा ब्यूरो को सलाह देने के लिए वर्ष के दौरान कार्यकारिणी समिति की तीन बैठकें की गईं, जबकि वर्ष के दौरान वित्त समिति की दो बैठकें आयोजित की गई। वर्ष के दौरान निम्नलिखित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पहलें की गईं:

1. 14 क्षेत्रों को शामिल करते हुए गैस के प्रसारण हेतु प्राकृतिक गैस पाइप लाइन पद्धति पर 29 मानकों का निर्धारण।
2. अनिवार्य हॉलमार्किंग प्रमाणन योजना के लिए चरणगत रूप में तैयारी करना।
3. लाइसेंस प्रदान करने की विधि को सरल बनाना।
4. उत्पाद प्रमाणन और प्रवर्तन गतिविधियों की आउटसोर्सिंग
5. आई एस 15700 : 2005 'लोक संगठनों द्वारा सेवा गुणता हेतु अपेक्षाएँ' के प्रति अनुरूपता प्रमाणन तथा आई एस/आई एस ओ 22000 'खाद्य निरापदता प्रबंध पद्धति' मानक के प्रति अनुरूपता प्रमाणन का शुभारंभ।

मानक

मानक निर्धारण

मानकों के निर्धारण के लिए भा मा ब्यूरो क्रमानुसार विभाग परिषदों द्वारा गठित विषय समितियों उपसमितियों और पैनलों के विशिष्ट समूहों पर कार्य करने के लिए अनुभागीय समितियों द्वारा गठित उपसमितियों और मानक निर्धारण की दिशा में एक केंद्रित मद के लिए गठित पैनलों के संदर्भ में एक सहयोगात्मक प्रक्रिया के माध्यम से कार्य करता है। विषय समितियों, उपसमितियों और पैनलों में उद्योग, सरकार, अनुसंधान और विकास संगठनों, उपभोक्ताओं के प्रतिनिधि तथा वैयक्तिक विशेषज्ञ शामिल होते हैं।



आकृति 1 प्रभावी मानक (31 मार्च के अनुसार)

Fig. **1 Standards in Force (as on 31 March)**

किसी केंद्रीय सरकार के मंत्रालय, राज्य सरकार, संघ शासित क्षेत्र प्रशासन, व्यक्तिगत उपभोक्ता अथवा उपभोक्ता संगठन, औद्योगिक इकाई आदि द्वारा भारतीय मानक(कों) के निर्धारण का प्रस्ताव दिया जा सकता है। विभाग परिषद द्वारा अनुमोदन हो जाने पर प्रस्ताव को भारतीय मानकों के निर्धारण के लिए एक उपयुक्त विषय समिति को अग्रेषित किया जाता है।

POLICY STRATEGIES AND PLANNING

The Bureau of Indian Standards (BIS) as the National Standards Body of India has been successfully promoting and nurturing the standardization movement in the country since 1947. BIS has initiated several steps towards enhancing the efficiency of its operations and upgrading of services.

The Executive Committee had three meetings during the year to advise BIS in implementation of new policy/directives while the financial committee met two times during the year. The important initiatives were taken in the following areas during the year:

1. Formulation of 29 standards on Natural Gas Pipeline System for transmission of gas covering 14 areas.
2. Preparing for Mandatory Hallmarking certification scheme in a phased manner.
3. Simplification of Grant of Licence procedure.
4. Outsourcing of inspections under Product certification and Enforcement activities.
5. Launching certification for IS 15700 : 2005 - Requirements for Service Quality by Public Service Organizations and for IS/ISO 22000 Food Safety Management Systems Standard.

STANDARDS

STANDARDS FOURMULATION

For formulation of standards, BIS functions through the Committee mechanism in terms of Sectional Committees, Subcommittees and Panels set up for dealing with specific group of subjects under respective Division Councils. The Sectional Committees, Subcommittees and Panels comprise of representatives from the industry, government, research and development organizations, consumer and individual experts.

A proposal for formulation of Indian Standard(s) can be submitted by any stakeholder including Ministries of the Central Government, State Governments, Union Territory Administrations, Individual Consumer or Consumer Organizations, Industrial Unit, etc. The proposal when approved by the concerned Division Council is forwarded to an appropriate Sectional Committee for formulation of Indian Standard(s).

अलग–अलग क्षेत्रों से संबंधित 14 तकनीकी विभाग परिषदों द्वारा मानक तैयार किए जाते हैं। वर्ष के दौरान मानक निर्धारण गतिविधि का जायज़ा लेने के लिए सिविल इंजीनियरी, रसायन, विद्युत–तकनीकी, इलेक्ट्रोनिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी, खाद्य एवं कृषि, यांत्रिक इंजीनियरी, धातु कर्म इंजीनियरी, उत्पादन और सामान्य इंजीनियरी, वस्त्रोद्योग, परिवहन इंजीनियरी, और जल संसाधन विभाग परिषदों की बैठकें हुईं। 209 विषय समितियों की बैठकों के साथ बड़ी संख्या में उपसमितियों और पैनलों और कार्यकारी समूहों की बैठकों का भी आयोजन किया गया, जिनमें मानकों के मसौदों और तकनीकी दस्तावेज़ों पर विस्तार से विचार किया गया। भा मा ब्यूरो की नीति उभरती प्रौद्योगिकियों पर मानक निर्धारण करने और पुराने मानकों को वापस लेने की है।

Standards are made by 14 Technical Division Councils pertaining to specific fields. To take stock of standards formulation activity, Division Councils of Civil Engineering, Chemical, Electro-technical, Electronics & Information Technology, Food and Agriculture, Mechanical Engineering, Metallurgical Engineering, Production and General Engineering, Textile, Transport Engineering and Water Resources departments met during the year. The meetings of 209 Sectional Committees, in addition to large number of Subcommittees and Panels were also held to consider draft standards and related technical documents in detail. It is the policy of BIS to formulate standards on emerging technologies and withdraw obsolete standards.

वर्ष 2006–07 के दौरान, भा मा ब्यूरो में 327 (नए और पुनरीक्षित) मानकों का निर्धारण करते हुए दिनांक 31 मार्च 2007 को मानकों की कुल संख्या 18 315 तक पहुँची (*देखें* आकृति 1)।

During 2006-07, BIS formulated 327 (new and revised) standards, bringing the total number of standards in force to 18 315 as on 31 March 2007(*see* Fig. 1).

महत्वपूर्ण मानक

कुछ महत्वपूर्ण विषय, जिन पर नए या पुनरीक्षित मानक वर्ष के दौरान निर्धारित किए गए, निम्नानुसार हैं:

आई एस 15732 (भाग 1, 3 और 4) : 2006 ओप्टिक्स तथा फोटॉनिक्स चिकित्सा एंडोस्कोप और एंडोस्कोपिक युक्तियाँ – चिकित्सा एंडोस्कोप तथा एंडोस्कोपिक युक्तियों पर भारतीय मानक तैयार किए गए जिनमें सामान्य आवश्यकताओं को शामिल करते हुए क्षेत्र तथा देखने की दिशा का निर्धारण और अंदर डालने की अधिकतम चौड़ाई के निर्धारण के लिए निर्धारित किया गया है। यह मानक खुली शल्य चिकित्सा के स्थान पर एक छिद्र के माध्यम से शल्य चिकित्सा अपनाने की नवीनतम प्रौद्योगिकी के अनुसार है। यह इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि चूकि यह शल्य चिकित्सा एक छिद्र के माध्यम से की जाती है और इसलिए इसके परिणामस्वरूप रोगी खुली शल्य चिकित्सा की तुलना में तेजी से स्वस्थ हो जाता है।

आई एस 13450 (भाग 2/खण्ड 45) : 2006 चिकित्सा विद्युत उपकरण – मैमोग्राफी एक्स–रे उपकरणों और मैमोग्राफी स्टीरियो टेक्टिक युक्तियों की सुरक्षा के लिए विशेष आवश्यकताएँ – इस मानक में सामान्य सुरक्षा आवश्यकताओं, विद्युत सुरक्षा आवश्यकताओं तथा रेडियोग्राफिक सुरक्षा आवश्यकताओं को शामिल करते हुए मैमोग्राफिक एक्स–रे उपकरणों की सुरक्षा की विशेष आवश्यकताएँ दी गई हैं। इस मानक के प्रकाशन से मैमोग्राफी एक्स–रे उपकरणों के विनिर्माता

Important Standards

Some of the important subjects on which new or revised standards were formulated during the year are listed below:

IS 15732 (Parts 1, 3 & 4) : 2006 Optics and Photonics Medical Endoscopes and Endoscopic Devices – Indian Standards on Medical endoscopes and endoscopic devices have been formulated covering the determination of field and direction of view and determination of maximum width of insertion besides covering general requirements. This standard is inline with the latest technology of adopting surgery through a hole in place of open surgery operation. This is important from the point of view that since surgery is performed through a hole, and hence consequentially with this, recovery of the patient is faster as compared to open surgery operations.

IS 13450 (Part 2/Sec 45) : 2006 Medical Electrical Equipments – Particular Requirements for the Safety of Mammography X-ray Equipments and Mammography Stereo Tactic Devices – This standard is on the particular requirements for the safety of Mammographic X-ray equipments covering general safety requirements, electrical safety requirements and radiographic safety requirements. With the publication of this standard the manufacturer of Mammography X-ray

रोगियों और प्रचालकों की सुरक्षा के लिए विनिर्माण के दौरान परीक्षण प्राचल अपना सकते हैं।

आई एस 15687 (भाग 1) : 2006 एकल कैप वाले प्रतिदीप्तिशील लैम्प – इस मानक में शामिल किए गए लैम्प सामान्य प्रकाश करने के प्रयोजन हेतु बनाए गए एकल कैप वाले प्रतिदीप्तिशील लैम्प हैं, जिनमें जलाने के लिए एक आंतरिक या बाहरी साधनों सहित बाहरी परिपथों पर एक कैप होता है। इस मानक में सुरक्षा आवश्यकताएँ शामिल की गई है। यह विधि को भी विनिर्दिष्ट करता है – एक निर्माता को तैयार उत्पादों के परीक्षण अभिलेख सहित समग्र उत्पादन मूल्य निरुपण के आधार पर इस मानक की आवश्यकताओं का पालन दर्शाना चाहिए। ऊर्जा संरक्षण के अलावा यह मानक भारतीय विनिर्माताओं को अपने उत्पाद विकसित देशों में विनिर्मित उत्पादों के समान उन्नत बनाने और इस प्रकार वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा का अवसर पाने में सहायता देगा।

आई एस 15707 : 2006 एसी बिजली मीटरों का परीक्षण, मूल्याँकन, संस्थापना और अनुरक्षण – रीति संहिता – इस रीति संहिता से मीटर उद्योग में विभिन्न सेवा प्रदाताओं को मार्गदर्शन मिलेगा जो एसी बिजली मीटरों के पूरे जीवनकाल में उनके परीक्षण, अंशांकन, संस्थापना और अनुरक्षण हेतु उनके मेट्रोलॉजिकल तथा कार्यात्मक निष्पादन के अनुरक्षण हेतु उत्तरदायी हैं। इसका उद्देश्य निष्पादन आधारित अच्छी मीटर परिसम्पत्ति प्रबंध योजना की स्थापना करना भी है। इसमें अनुमोदन का प्रकार, जीवनकाल प्रमाणन, सत्यापन, मुहरबंद करना और मुहर प्रबंध, स्वीकार्यता, परिवहन, भण्डारण, संस्थापना और कमीशनिंग, उपयोग के दौरान पालन पर बल देते हुए उपयोग के दौरान अनुरक्षण तथा मीटर परीक्षण स्टेशन प्रथाएँ शामिल हैं। स्थल की परिस्थितियों पर मीटर की शुद्धता भी शामिल की गई है।

आई एस 14581 : 2006 संगठन में सुझाव योजना के निर्धारण और प्रचालन हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत – सुझाव योजना प्रबंध द्वारा प्रोत्साहित योजना है, इसके माध्यम से कर्मचारी कमियों को दूर करने, कार्य की बेहतर विधि के लिए सुधार और/या वित्तीय बचत, बेहतर कार्य संस्कृति तथा परिवेश के लिए अपने विचार स्वैच्छिक रूप से दे सकते हैं। इस मानक में यह किसी संगठन के अंदर सुझाव योजना के निर्धारण तथा कार्यान्वयन के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत प्रदान किए गए हैं। सुझाव योजना में मुख्य बल इस पर दिया गया है कि कर्मचारियों को किस प्रकार प्रेरित किया जाए और बदलाव के प्रबंध में उनका क्या योगदान हो। यह मूलतः सभी स्तरों के कर्मचारियों के विचार जानने पर लक्षित है, ताकि उत्पादकता, गुणता बढ़ाने और लागत में कमी लाने के लिए मानकीकृत प्रक्रिया विधियों में सुधार लाया जा सके। तथापि इन योजनाओं की सफलता शीर्ष प्रबंध की वचनबद्धता पर निर्भर करती है।

एस पी 21 भवन सामग्रियों के लिए भारतीय मानकों का सारांश (*पहला पुनरीक्षण*) – यह हैंड बुक भवन सामग्रियों पर भारतीय मानकों की विषयवस्तु का संक्षिप्त सारांश प्रस्तुत करती है जिसमें गुणता आवश्यकताएँ, आयाम, गुणों की परास, उपयोग की सीमाएँ

equipments can adopt testing parameters for the safety of patients and operators while manufacturing.

IS 15687 (Part 1) : 2006 Single Capped Fluorescent Lamps – The lamps covered under this standard are single capped fluorescent lamps for general lighting purposes having a single cap, for operation on external circuits with either an internal or an external means of starting. This standard covers safety requirements. It also specifies the method - a manufacturer should use to show compliance with the requirements of this standard on the basis of whole production appraisal in association with the test records on finished products. Besides conserving energy, the standard would give a boost to Indian manufacturers to upgrade their product compatible with those manufactured in developed countries thereby creating an opportunity to compete in the global market.

IS 15707 : 2006 Testing, Evaluation, Installation and Maintenance of ac Electricity Meters – Code of Practice – The Code of practice would provide guidance to various service providers in metering industry responsible for maintaining metrological and functional performance of ac energy meters throughout the life of the meters covering testing, calibration, installation and maintenance. Its aim is also to establish a performance based good meter asset management plan. It covers type approval, life certification, verification, sealing and seal management, acceptance, transportation, storage, installation and commissioning, maintaining in-service with emphasis on in-service compliance and meter test station practices. Accuracy of meters on site conditions has also been covered.

IS 14581 : 2006 Guidelines for Formulation and Operation of a Suggestion Scheme in an Organization – A Suggestion Scheme is a management encouraged scheme through which the employees can offer their ideas voluntarily for rectification of deficiency, improvements leading to better method of work and/or financial savings, better work culture and environment. This standard provides guidelines for the formulation and implementation of a Suggestion Scheme in an organization. The main emphasis of the Suggestion Scheme is how to motivate employees and contribute to the management of change. It basically aims to generate ideas from employees at all levels in order to improve standardized procedures for enhancing productivity, quality and cost reduction. However, the success of such schemes depends on the commitment of the top management.

SP 21 Summary of Indian Standards for Building Materials (*first revision*) – This handbook gives a brief summary of the contents of the Indian Standards on building materials indicating such aspects as quality requirements, dimensions, range of properties, limitations

आदि जैसे पक्ष लिए गए हैं; इन्हें इस प्रकार विकसित किया गया है कि ये व्यावसायिकों, अभियंताओं, वास्तुकारों तथा भवन निर्माण गतिविधि में संलग्न अन्य व्यक्तियों को अभिकल्पन और आकलन के प्रयोजन हेतु सही सामग्रियाँ चुनने में सहायक हों। इस हैंड बुक के पुनरीक्षित संस्करण में प्रयोक्ता अनुकूल तरीके से संरचित भवन सामग्रियों पर उपलब्ध नवीनतम भारतीय मानकों के सारांश प्रत्येक अध्याय के अंदर मानकों की उपयुक्त पुनर्व्यवस्था के साथ दिए गए हैं, जो विभिन्न स्थूल श्रेणियों में सामग्रियों को अभिज्ञात करती है।

आईएस 15729 : 2007 प्राकृतिक गैस दाब विनियमन और मीटरिंग टर्मिनल – रीति संहिता – प्राकृतिक गैस का परिवहन और वितरण वर्तमान ऊर्जा परिदृश्य में एक प्रमुख आवश्यकता है। एक ऐसे दबाव पर आपूर्ति की विश्वसनीयता तथा निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए निहित सिफारिशों के एक प्रलेख की आवश्यकता थी, जो स्वीकार्य हैं और अधोगामी पाइप लाइनों के लिए अथवा वितरण पद्धतियों के लिए सुरक्षित हैं। इस संहिता में प्राकृतिक गैस दाब विनियमन और मीटरिंग टर्मिनल की कमीशनिंग, सुरक्षा पहलू, प्रचालन और अनुरक्षण शामिल हैं।

आई एस 15750 : 2006 घरेलू फ्रॉस्ट-फ्री रेफ्रीजरेटिंग उपकरण – आंतरिक प्रबलित वायु संरचरण द्वारा ठण्डे किए गए रेफ्रीजरेटर – विशेषताएँ और परीक्षण विधियाँ – विशिष्टि – फ्रॉस्ट-फ्री रेफ्रीजरेटर का रिवाज़ है और इसलिए उपभोक्ता के हित की सुरक्षा के लिए इसका मानक होने की आवश्यकता महसूस की गई। इस मानक में घरेलू रेफ्रीजरेटर और फ्रॉस्ट-फ्री पद्धति द्वारा ठण्डे किए गए रेफ्रीजरेटर फ्रीज़र की अनिवार्य विशेषताएँ एवं इन विशेषताओं की जाँच के लिए परीक्षण विधियाँ निर्दिष्ट की गई हैं। इस मानक में निर्धारित आवश्यकताएँ आईएसओ 15502 : 2005 के अनुसार हैं। उपकरणों को ऊर्जा दक्ष बनाने के लिए यह ऊर्जा कार्य कुशलता ब्यूरो द्वारा निर्दिष्ट न्यूनतम ऊर्जा निष्पादन मानकों को निर्दिष्ट करता है।

आई एस 15757 : 2007 फालो-अप फार्मूला पूरक आहार – फालो–अप फार्मूला पूरक आहार को छः माह से 2 वर्ष की आयु के बीच शिशुओं को स्तनपान छुड़ाने के लिए भोजन के तरल भाग के रूप में उपयोग किया जाता है। फालो-अप फार्मूला पूरक आहार एक ऐसा उत्पाद है जिसे गाय और भैंस के दूध को स्प्रे विधि द्वारा शुष्कित दूध से अथवा इनके मिश्रण से बनाया जाता है। इस मानक में फालो अप फार्मूला पूरक आहार के विनिर्माण में प्रयुक्त घटकों की गुणता के विषय में विस्तार से बताया गया है और रासायनिक आवश्यकताएं भी बताई गई हैं, जिनमें शिशुओं के विकास के लिए आवश्यक विभिन्न विटामिनों तथा खनिजों की न्यूनतम आवश्यकताएं शामिल हैं। विस्तृत सूक्ष्म जीवी विशिष्टियाँ भी इस मानक का भाग हैं, जिनमें कोली फॉर्म जीवाणु तथा रोगकारी जीवाणु जैसे *स्टेफिलोकोकस औरियस, सालमोनेला* और *शिगेला* की अनुपस्थिति शामिल है।

आई एस 11313 : 2006 हाइड्रोलिक पावर स्प्रेयर – विशिष्टि (***पहला पुनरीक्षण***) – हाथ से चलाए जाने वाले स्प्रेयर, जिनके लिए भारतीय मानकों की एक श्रृंखला का संकलन किया गया है, अब क्रमशः

on use, etc; developed in order to assist professionals, engineers, architects and others involved in building construction activity in choosing the correct materials for the purpose of design and estimation. The revised version of this handbook provides the summaries of the latest available Indian standards on building materials structured in user friendly manner with suitable rearrangement of the standards within each of the chapters that identify the materials into various broad categories.

IS 15729 : 2007 Natural Gas Pressure Regulating and Metering Terminal – Code of Practice – The transportation and distribution of natural gas is a major requirement in the current energy scenario. There was a need for having a document embodying recommendation to ensure reliability and continuity of supply at pressures that are acceptable to and safe for the downstream pipeline or distribution system. This Code covers the commissioning, safety aspects, operation and maintenance of natural gas pressure regulating and metering terminal.

IS 15750 : 2006 Household Frost-Free Refrigerating Appliances – Refrigerators Cooled by Internal Forced Air Circulation – Characteristics and Test Methods – Specification – Frost-free refrigerators are in vogue and therefore a need was felt to have a standard in order to protect the consumer interest. This standard specifies the essential characteristics for household refrigerator and refrigerator-freezer cooled by frost-free system and lays down the methods of test for the checking of these characteristics. The standard prescribes requirements which are in line with ISO 15502 : 2005. In order to make the appliances energy efficient, it specifies Minimum Energy Performance Standards specified by Bureau of Energy Efficiency.

IS 15757 : 2007 Follow-up Formula Complementary Foods – Follow-up formula complementary foods is used as a liquid part of the weaning diet for infants after the age of six months up to the age of two years. Follow-up formula complementary food is the product prepared by spray dried milk of cows and buffaloes or a mixture thereof. The standard prescribes in detail the quality of the ingredients to be used for the manufacture of follow-up formula complementary foods and also chemical requirements which include minimum requirements for various vitamins and minerals which are required for the development of infants. The detailed microbiological specifications are also a part of this standard which includes absence of coliform bacteria and pathogens bacterial like *staphylococcus aureus*, *Salmonella* and *Shigella*.

IS 11313 : 2006 Hydraulic Power Sprayers – Specification (***first revision***) – Manually-operated sprayers for which a series of Indian Standards have been compiled,

उनका स्थान विद्युत से चलने वाले स्प्रेयर ले रहे हैं, चूंकि ये तेजी से काम करते हैं और इनके प्रचालन की लागत कम है। इस मानक में पिस्टन प्रकार और रोलर वैन प्रकार के पम्प सहित स्प्रेयर की आवश्यकताएँ दी गई हैं। इस पुनरीक्षण में सामग्री, संरचनात्मक और निष्पादन आवश्यकताएँ तथा प्रौद्योगिकी की उन्नति को ध्यान में रखते हुए उनकी परीक्षण विधियाँ एवं इस मानक को व्यापक और प्रयोक्ता अनुकूल बनाने के लिए आईएस 8548 में शामिल परीक्षण विधियाँ भी ली गई हैं।

आई एस 15741 : 2006 वस्त्रादि – ज्वलनरोधी पर्दे और ड्रेप – विशिष्टि और आईएस 15768 : 2007 वस्त्रादि – गैर घरेलू फर्नीचर के लिए प्रयुक्त अपहोलस्टर्ड सम्मिश्रों का ज्वलन से बचाव – सार्वजनिक भवनों, मनोरंजन स्थलों जैसे मल्टीप्लेक्स, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, शादियों के पंडाल, अस्पताल, थियेटर आदि में और ऊंचे भवनों में आग लगने के बढ़ते जोखिम को देखते हुए आवश्यक है कि इन सार्वजनिक स्थलों/भवनों में अग्निरोधी वस्त्र (पर्दे, ड्रेप तथा अपहोलस्टर्ड सम्मिश्र) का उपयोग किया जाए, ताकि मूल्यवान मानव जीवन और संपत्ति को नुकसान से बचाया जा सके। इस मानक में पर्दों/ड्रेप और अप होल्स्टर्ड सम्मिश्रों हेतु सुलगती सिगरेट, परीक्षण माचिस की ज्वाला समतुल्य परीक्षण और क्रिब परीक्षण के संदर्भ में, ज्वाला प्रतिरोधक अपेक्षाएँ, निर्दिष्ट की गई हैं ये अपेक्षाएँ भवनों में जोखिमों की किस्म यथा अल्प, मध्यम और अत्याधिक जोखिमों के आधार पर निर्दिष्ट की गई है। इस मानक में सार्वजनिक भवनों हेतु अल्प, मध्यम और उच्च जोखिम श्रेणियों की सूची भी शामिल की गई है।

आई एस 15651 : 2006 वस्त्रादि – पर्यावरण लेबलिंग के लिए आवश्यकताएँ – विशिष्टि – डब्ल्यूटीओ के पश्चात् की कार्रवाई में वस्त्रादि के पर्यावरण संबंधी लेबलिंग का महत्व काफी बढ़ गया है और विभिन्न देश वस्त्रादि उत्पादों पर विभिन्न जोखिमपूर्ण रसायनों और रंगों के विरुद्ध उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा के लिए इसे अनिवार्य बना रहे हैं। अतः यह अनिवार्य है कि भारतीय उपभोक्ताओं को सस्ते आयात के प्रभाव से सुरक्षित रखा जाए और उद्योग को भी निर्यातों की चुनौतियों के लिए तैयार किया जाए। इसे ध्यान में रखते हुए उपरोक्त मानक निर्धारित किया गया, जिसमें जूट तथा कॉयर वस्त्रादि के अलावा तैयार परिधानों सहित सभी प्रकार के वस्त्रों की पर्यावरण संबंधी लेबलिंग आवश्यकताएँ शामिल हैं। इस मानक में वस्त्रों पर जोखिमपूर्ण रंगों और रसायनों की उपस्थिति के लिए सीमाएँ शामिल की गई है जैसे यूरिया फॉर्मेल्डिहाइड, प्रतिबंधित एरिल एमिन, प्लास्टिसाइज़र, पेन्टाक्लोरोफिनॉल, ट्रेटाक्लोरोफिनॉल, डाइब्यूटाइल और ट्राइब्यूटाइल टिन यौगिक, पीड़कनाशी, कार्बनिक होलोजन यौगिक आदि को अंतर्राष्ट्रीय क्रेताओं और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आरंभ की गई इको मार्क योजना के तहत शामिल व्यक्तियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

आई एस 15754 : 2006/आईएसओ 21214 : 2006 इंटेलिजेंट परिवहन प्रणालियाँ – निरंतर वायु अंतरापृष्ट, लंबी और मध्यम परास (सीएएलएम) – इन्फ्रा रेड पद्धतियाँ – यह आईटीएस क्षेत्र में

are gradually being replaced by the power operated sprayers, since, they perform the job quickly and the cost of operation is low. This standard covers the requirements of sprayer fitted with piston type and roller vane type pump. This revision incorporates modifications in material, constructional and performance requirements and their method of tests in view of advancement in technology and also includes the method of tests covered in IS 8548 to make the standard comprehensive and user friendly.

IS 15741 : 2006 Textiles – Resistance to Ignition of Curtains and Drapes – Specification and IS 15768 : 2007 Textiles – Resistance to Ignition of Upholstered Composites Used for Non-Domestic Furniture – In view of increasing fire hazards in public buildings, entertainment places such as multiplexes, shopping complexes, marriage pandals, hospitals, theaters, etc and high rise buildings, it is essential to use fire retardant textiles (curtains, drapes and upholstered composites) in such public places/ buildings in order to save valuable human life and damage to property. The above standards specify flame resistance requirements for curtains/drapes and upholstered composites in terms of smouldering cigarette test, match flame equivalent test and the crib test depending upon the type of hazards present in buildings, that is low, moderate and high hazard categories of buildings. The standard also incorporates the list of low, moderate and high hazard categories of public buildings.

IS 15651 : 2006 Textiles – Requirements for Environmental Labelling – Specification – In the post WTO regime, the importance of environmental labelling of textiles has increased considerably and various countries are making it mandatory in order to safeguard the health and safety of the consumers against various hazardous chemicals and dyes present on textile products. It is, therefore, essential to prevent Indian consumers against dumping of cheap imports and also to gear our industry to meet the challenges of exports. Keeping this in view, the above standard has been formulated which includes environmental labelling requirements for all types of textiles including ready made garments except jute and coir textiles. The standard covers limits for presence of hazardous dyes and chemicals on textiles such as urea formaldehyde, banned aryl amines, plasticizers, penta chloro phenol, tetra chloro phenol, dibutyl and tri butyl tin compounds, pesticides, organic halogen compounds etc keeping in view the requirements of international buyers and those covered under the ECO Mark scheme launched by The Ministry of Environment and Forests, Government of India.

IS 15754 : 2006/ISO 21214 : 2006 Intelligent Transport Systems – Continuous Air Interface, Long and Medium Range (CALM) – Infra-red Systems – It provides protocols and parameters for medium-range, medium to

इंफ्रा रेड पद्धतियों का उपयोग करते हुए मध्यम परास, मध्यम से कुछ गति बेतार संचारों के लिए प्रोटोकॉल तथा प्राचल प्रदान करता है। इस मानक में इन क्षेत्रों में इसके अनुप्रयोग ज्ञात किए गए हैं जैसे : इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह, सड़क सुरक्षा, यात्री सूचना पद्धति, बेड़ा प्रबंध और वाहन ट्रेकिंग तथा उन्नत यातायात प्रबंध पद्धति। भारत में राजमार्ग नेटवर्क की वृद्धि तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के साथ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा राजमार्गों को आधुनिक बनाने के प्रयास को देखते हुए यह अनिवार्य है कि अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार हुए विकास का पालन किया जाए। इस मानक का उपयोग एनएचएआई की स्वर्ण चतुर्भुज जैसी परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर किया जाएगा।

आई एस 15713 : 2006 सड़क के वाहन – संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) ईंधन प्रणाली घटक – दाब विनियामक – इस मानक में आईएस 14272 (भाग 1), दोपहिया और निर्माण उपकरण वाहनों (सीईवी) में परिभाषित मोटर वाहनों में उपयोग के लिए आशयित सीएनजी ऑनबोर्ड ईंधन प्रणाली घटक के दाब विनियामक की परिभाषाएं, परीक्षण विधियाँ और आवश्यकताएँ निर्दिष्ट की गई हैं। यह मानक आईएस 15320 (एकल ईंधन या दो ईंधन अनुप्रयोग) के अनुरूप संपीड़ित प्राकृतिक गैस का उपयोग करते हुए वाहनों पर उपयोग के लिए आशयित सीएनजी ईंधन पद्धति घटकों पर लागू होता है। यह मानक आईएसओ 15500-9 : 2001 सड़क के वाहन – संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) ईंधन पद्धति घटक – भाग 9 : दाब विनियामक और एआईएस मानक एआईएस 024 (संस्करण 3 में संशोधन 4) में शामिल विनियामक आवश्यकताएँ – सुरक्षा और प्रक्रियागत आवश्यकताएँ सीएनजी प्रचालित वाहनों के प्रकार अनुमोदन हेतु आवश्यकताएँ तथा एआईएस – 028 (संस्करण 3) – आंतरिक दहन इंजन वाहनों में सीएनजी ईंधन के उपयोग हेतु प्रथा की संहिता पर आधारित है। इस मानक में दाब विनियामक के विभिन्न परीक्षण निर्दिष्ट किए गए हैं जैसे हाइड्रोस्टेटिक शक्ति, रिसाव, अतिरिक्त टॉर्क प्रतिरोध, मुड़ने का क्षण, निरंतर प्रचालन, क्षरण प्रतिरोध, ऑक्सीजन एजिंग, बिजली के ओवर वॉल्टेज, गैर–धात्विक संश्लेषित निमज्जन, कंपन प्रतिरोध, पीतल की सामग्री की अनुकूलता, इंसुलेशन प्रतिरोध, न्यूनतम आरंभिक वोल्टेज, दाब आवेश और पानी के जैकिट का हिमीकरण। इसमें दाब विनियामक पर दिए जाने वाले विभिन्न मार्किंग विवरण, स्वीकार्यता के विवरण तथा प्रकार के परीक्षण तथा परीक्षण के लिए जमा किए जाने वाले नमूने के साथ जमा की जाने वाली तकनीकी जानकारी भी बताई गई हैं।

व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा (ओएच एंड एस) प्रबंध पद्धतियों पर भारतीय मानक – उपयोग के लिए मार्गदर्शन सहित आवश्यकताएँ (आईएस 18001 का *पहला पुनरीक्षण*) – इस मानक में ओएच एंड एस के प्रबंध के एक व्यवस्थित मार्ग का विकास करने के लिए संगठनों को सहायता प्रदान की गई है ताकि ये अपने कर्मचारियों और अन्य व्यक्तियों को सुरक्षा दे सकें, जिनके स्वास्थ्य और सुरक्षा संगठन की गतिविधियों से प्रभावित हो सकते हैं। इस मानक में उपयोग के लिए आवश्यकता और मार्गदर्शन प्रदान करते हुए संगठन के ओएच एंड एस निष्पादन में सुधार का आशय भी निहित है। ओएच एंड एस प्रबंध पद्धतियों को व्यावसायिक निष्पादन के अन्य

high-speed wireless communications in the ITS sector using infra-red systems. This standard finds its applications in areas such as: Electronic Toll Collection; Road Safety; Passenger Information System; Fleet Management and Vehicle Tracking and Advanced Traffic Management System. Considering the growth of the highway network in India and the endeavor of the Ministry of Road Transport & Highways along with the National Highway Authority of India (NHAI) to modernize the highways; it is essential that the development takes place in accordance with International Standards. Projects such as Golden Quadrilateral of NHAI will utilize this standard in a big way.

IS 15713 : 2006 Road Vehicles – Compressed Natural Gas (CNG) Fuel System Components – Pressure Regulator – This Indian Standard specifies definitions, test methods and requirements of Pressure Regulator of CNG onboard fuel system component intended for use on motor vehicles defined in IS 14272 (Part 1), two wheelers and construction equipment vehicles (CEV). This standard is applicable to CNG fuel system components intended to use on vehicles using compressed natural gas in accordance with IS 15320 (mono-fuel or bi-fuel applications). This standard is based on ISO 15500-9 : 2001 Road vehicles –Compressed Natural Gas (CNG) fuel system components – Part 9 : Pressure regulator and also regulatory requirements covered in AIS standard AIS 024 (Amd 4 to version 3) – Safety and procedural requirements for type approval of CNG operated vehicles and AIS-028 (version 3) – Code of Practice for use of CNG fuel in internal combustion engine vehicles. This standard specifies various tests of pressure regulator like Hydrostatic strength, Leakage, Excess torque resistance, Bending moment, Continued operation, Corrosion resistance, Oxygen ageing, Electrical over-voltages, Non-metallic synthetic immersion, Vibration resistance, Brass material compatibility, Insulation resistance, Minimum opening voltage, Pressure impulse and Water jacket freezing. It also specifies various marking details to be provided on pressure regulator, details of Acceptance and Type tests and Technical information required to be submitted along with the samples for testing.

Indian Standard on Occupational Health and Safety (OH&S) Management Systems – Requirements with Guidance for Use (*first revision* of IS 18001) – This standard intends to assist the organizations to develop a systematic approach to management of OH&S in such a way as to protect their employees and others whose health and safety may be affected by the organizations' activities. This standard also intends to improve OH&S performance of organizations by providing the requirements and guidance for use. The OH&S management systems may be integrated with the management of other aspects of business

पहलुओं के प्रबंध के साथ समेकित किया जा सकता है, ताकि कर्मचारियों और अन्य व्यक्तियों का जोखिम कम किया जाए, व्यापार के निष्पादन में सुधार लाया जाए तथा बाज़ार स्थल पर एक जिम्मेदार छवि बनाने के लिए संगठनों को सहायता दी जा सके।

उच्च दृष्टव्यता सहित चेतावनी देने वाले कपड़ों पर भारतीय मानक – विशिष्टि – उच्च दृष्टव्यता सहित चेतावनी देने वाले कपड़े एक व्यक्ति का व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जिसे पहनने वाले की उपस्थिति का दृष्टि संकेत प्रदान करने के एक माध्यम के रूप में पहना जाता है और यह पहनने वाले के उपस्थिति किसी भी प्रकाश परिस्थिति और अंधेरे में वाहन की हैडलाइट द्वारा कम प्रकाशित स्थिति में बनाने पर आशयित है। इसकी उपस्थिति को कपड़ों तथा आस–पास की पृष्ठभूमि या परिवेश के बीच विषमता बढ़ाकर उन्नत बनाया जाता है। दृष्टि संबंधी जोखिमों को अभिज्ञात किया जाता है और कपड़ों के लिए उपयुक्त मार्किंग कार्यकर्ता के जोखिम कारकों जैसे जटिल पृष्ठभूमि, वाहन के यातायात का घनत्व तथा गतियों के आधार पर सुझाई जाती है।

आई एस 8062 (भाग 2) : 2006 इस्पात संरचना की कैथोडिक सुरक्षा हेतु रीति संहिता : भाग 2 प्राकृतिक गैस, तेल तथा तरल के परिवहन के लिए भूमिगत पाइप लाइन / संरचना (*पहला पुनरीक्षण*) – इस मानक में धात्विक उच्च दाब हाइड्रो कार्बन उत्पादन पाइप लाइन, संरचना की बाहरी भूमिगत सतह के क्षरण के विरुद्ध रोकथाम के लिए कैथोडिक सुरक्षा प्रणाली की आवश्यकताएँ और सामान्य सिद्धांत दिए गए हैं। यह मानक पाइप लाइन / संरचना पद्धति पर बाहरी क्षरण के नियंत्रण के लिए न्यूनतम आवश्यकताएँ स्थापित करने की मार्गदर्शिका के रूप में कार्य करने पर आशयित है। क्षरण का नियंत्रण एक लेपन के साथ कैथोडिक सुरक्षा से पूरित किया जाता है, जो अभिकल्पन में प्रदान किया जाना चाहिए और पाइप लाइन / संरचना पद्धति के सेवाकाल के दौरान इसका अनुरक्षण किया जाना चाहिए।

आई एस 15647 : 2006 वेल्ड की गई ट्यूबों और पाइपों के लिए तप्त वेल्लित इस्पात की सकरी चौड़ाई वाली पट्टियाँ – भारत में तप्त वेल्लित सक्रिय चौड़ाई वाली इस्पात पट्टियों को कुछ विशिष्ट लघु स्तरीय पुनः वेल्लित करने वाली मिलों में तैयार किया जाता है, जिन्हें पतरा कहते हैं। इन इस्पात मिलों के हितों को ध्यान में रखते हुए तप्त वेल्लित इस्पात की सकरी चौड़ाई वाली पट्टियों की गुणता के विनिर्माण की सुविधा प्रदान करने के लिए एक भारतीय मानक निर्धारित करने की आवश्यकता अनुभव की गई जिसे वेल्ड की गई ट्यूबों तथा गैर महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों वाले पाइपों के विनिर्माण में उपयोग किया जाएगा। इस मानक में इस्पात पाइपों के निर्माण हेतु 600 मि.मी. तक चौड़ी वेल्ड करने योग्य गुणता वाली तप्त वेल्लित सकरी चौड़ाई वाली इस्पात पट्टियों और गैर महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों जैसे अल्प दाब जल और फर्नीचर प्रयोजनों के लिए ट्यूबों की आवश्यकताएँ शामिल की गई हैं। इस मानक के अनुसार तप्त वेल्लित सकरी चौड़ाई वाली इस्पात पट्टियों का विनिर्माण दाब अनुप्रयोगों वाले इस्पात पाइपों के विनिर्माण में लागू नहीं होगा, जैसे उच्च दाब जल, भाप और तेल तथा गैसें।

आई एस 15677 : 2006 प्राकृतिक गैस का मापन – रीति संहिता – इस रीति संहिता का उपयोग प्रमुख तेल कंपनियों द्वारा देशों के पार पाइपों लाइनों के माध्यम से प्राकृतिक गैस के परिवहन और वितरण में किया जाएगा। यह गैसीय अवस्था में प्राकृतिक गैस के मापन और विनियमन की

performance in order to minimize risk to employees and others, improve business performance and assist organizations to establish a responsible image at the market place.

Indian Standard on High Visibility Warning Clothes – Specification – High Visibility Warning Cloth is one of the personnel protective equipment worn as a means to provide visual signal of the wearer's presence and intended to provide conspicuity of the wearer under any light conditions by day and under illumination by vehicle headlights in the dark. Conspicuity is enhanced by increasing the contrast between the clothing and its ambient background or surroundings. Classes of visibility hazards are identified and appropriate markings for the clothing are suggested based on worker risk hazards, such as complex backgrounds, vehicular traffic density and speeds.

IS 8062 (Part 2) : 2006 Code of Practice for Cathodic Protection of Steel Structure : Part 2 Burried Pipeline/ Structures for Transportation of Natural Gas, Oil and Liquids *(first revision)* – This standard deals with the general principles and requirements of cathodic protection system for prevention against corrosion of external underground buried surface of metallic high pressure hydrocarbon product pipeline/structure. This standard is intended to serve as a guide for establishing minimum requirements for control of external corrosion on pipeline/ structure system. Corrosion control by a coating supplemented with cathodic protection should be provided in the design and maintained during service life of pipeline/ structure system.

IS 15647 : 2006 Hot Rolled Steel Narrow Width Strip for Welded Tubes and Pipes – In India, certain small scale re-rolling mills are producing hot rolled narrow width steel strips, popularly known as *Patra*. Keeping the interest of these steel mills in view, a need was felt to formulate an Indian Standard to facilitate manufacture of quality hot rolled steel narrow width strip which will be used for manufacturing of welded tubes and pipes for non-critical applications. This standard covers the requirements for weldable quality hot rolled narrow width steel strip up to 600 mm for manufacture of steel pipes and tubes for non-critical applications such as low pressure water and furniture purposes. The hot rolled narrow width steel strip manufactured as per this standard shall not be applicable for manufacture of steel pipes for pressure applications such as high pressure water, steam, oil and gases.

IS 15677 : 2006 Metering of Natural Gas – Code of Practice – This Code of practice is to be used for the transportation and distribution of natural gas through cross-country pipelines by the major oil companies. It deals with

शुद्धता बताता है, जहाँ विभिन्न आपूर्ति बिन्दुओं पर गैस का तापमान मीटर पर – 10 डिग्री सेलसियस से + 55 डिग्री सेलसियस के बीच है, जो उपभोक्ता संतुष्टि के लिए अनिवार्य हैं। उपरोक्त मानक में 5 प्रकार के मीटर शामिल है, नामतः ओरिफाइस, टर्बाइन, अल्ट्रासोनिक, रोटरी और कोरियोलिस। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक मंडल क्षेत्र में उपयोग के लिए प्रयुक्त अपनी हैंड बुक में इन सभी मानकों का संदर्भ देंगे। इसमें मीटरों की संस्थापना, गैस के संरक्षा अंतरण मीटरिंग के साथ पुनर्विनियोजन तथा लेखाकरण प्रयोजन शामिल होंगे।

आई एस 8310 : 2006/आईएसओ 2108 : 2005 सूचना तथा प्रलेखन – अंतर्राष्ट्रीय मानक पुस्तक संख्या (आईएसबीएन) (*दूसरा पुनरीक्षण*) – अंतर्राष्ट्रीय मानक पुस्तक संख्या (आईएसबीएन) को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उद्योग तथा पुस्तक व्यापार प्रकाशन के लिए अभिचिन्हांकन पद्धति के रूप में मान्यता दी गई है। वर्ष 1970 से आईएसबीएन वैश्विक पुस्तक व्यापार की एक अनिवार्य विशेषता और पुस्तकालय कैटलॉग अभिलेखों का एक अनिवार्य घटक बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय मानक आईएसओ 2108 का पुनरीक्षण अनिवार्य था, क्योंकि यह पद्धति अंतर्राष्ट्रीय रूप से काफी स्वीकार्य है और यह 10 अंकों पर आधारित थी तथा इसकी क्षमता समाप्त हो रही थी। आईएस 8310 के संशोधित संस्करण, जो आईएसओ 2108 : 2005 सूचना तथा प्रलेखन – अंतर्राष्ट्रीय मानक पुस्तक संख्या (आईएसबीएन) को अंगीकार करके बनाया गया था, में आईएसबीएन 13 अंकों के अभिचिन्हक के रूप में बदला गया है ताकि वैश्विक आईएसबीएन पद्धति की अंकन क्षमता को पर्याप्त रूप से बढ़ाया जा सके और आईएसबीएन के फार्मेट को ईएएन–यूसीसी उत्पाद संहिता पद्धति के साथ सुमेलित किया जा सके।

आई एस 15681 : 2006 भू-भौतिक विधि द्वारा भू-वैज्ञानिक अन्वेषण (भूकंपीय अपवर्तन) – रीति संहिता – यह मानक भूकंपीय अपवर्तन के विभिन्न पहलुओं और इसके अभियांत्रिक स्थलों के उथले उपसतही अन्वेषण अनुप्रयोगों के विषय में बताता है। इस मानक का प्राथमिक प्रयोजन विधि का कार्यकारी ज्ञान प्रदान करना है जिसके साथ संगत संदर्भ और विभिन्न अभियांत्रिक भू-वैज्ञानिक समस्याओं की विधि की अनुप्रयोज्यता का आधार हो। विशेष रूप से इसमें सर्वक्षणों की उपयुक्त आयोजना की समझ प्रदान करने का प्रयास किया गया है ताकि पर्याप्त और तत्संबंधी कवरेज पाया जा सके और भूकंपीय आंकड़ों की व्याख्या के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र पर प्रकाश डाला जा सके।

आई एस 15736 : 2006 भू-भौतिक विधि द्वारा भू-वैज्ञानिक अन्वेषण (विद्युत प्रतिरोधता) – रीति संहिता – उप सतही भू-वैज्ञानिक अन्वेषण पूर्ण आयोजना और किसी जल संसाधन परियोजना के अभिकल्पन चरण का अविभाज्य भाग हैं। भू-वैज्ञानिक अन्वेषण की विधियों के अलावा, जिन्हें पिछले समय में उपयोग किया गया है, इस क्षेत्र में भू-वैज्ञानिक अन्वेषण की महत्वपूर्ण विधियों और क्षेत्र में विकास हुए हैं जो आगे आ रहे हैं। भू-वैज्ञानिक अन्वेषण में लगातार उपयोगी पाई गई एक विधि है विद्युत प्रतिरोधकता विधि। इस मानक में विद्युत प्रतिरोधकता विधि के अनुप्रयोग की रीति संहिता तथा इसमें उपयोग किए जाने वाले विभिन्न उपकरणों पर मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ क्षेत्र प्रक्रिया विधियों और आंकड़ों के प्रलेखन पर मार्गदर्शन प्रदान करने पर आशयित है।

the accuracy of metering and regulating of natural gas in the gaseous phase only where the gas temperatures at the meter are within the range of -10ºC to + 55 ºC at different delivery points which are necessary for consumer satisfaction. The above standard covers five types of meters, namely, orifice, turbine, ultrasonic, rotary and coriolis. Petroleum and Natural Gas Regulatory Board will take up all the standards for giving reference in their Hand Book in the field use. It also covers installations of meters, custody-transfer metering of gas including reconciliation and accounting purposes.

IS 8310 : 2006/ISO 2108 : 2005 Information and Documentation – International Standard Book Number (ISBN) (*second revision*) – The International Standard Book Number (ISBN) has been internationally recognized as the identification system for the publishing industry and book trade. Since 1970, the ISBN has become an essential feature of the global Book Trade and a vital component in Library Catalogues records. The revision of the International Standard ISO 2108 was necessary as the system which is quite acceptable internationally and was based on 10 digits and was running out of capacity. The revised version of IS 8310 which is an adoption of ISO 2108 : 2005 Information and Documentation – International Standard Book Number (ISBN) changes the ISBN to a 13 digit identifier to increase substantially the numbering capacity of the global ISBN system and to harmonize the format of the ISBN with the EAN-UCC product code system.

IS 15681 : 2006 Geological Exploration by Geophysical Method (Seismic Refraction) – Code of Practice – This standard deals with various aspects of seismic refraction technique and its applications to shallow subsurface exploration of engineering sites. The primary purpose of the standard is to provide working knowledge of the method, with relevant references, and with a basis to weigh the applicability of the method to various engineering geological problems. In particular, it seeks to provide an understanding of the proper planning of surveys, so as to obtain adequate and relevant coverage and highlight the most important area of interpretation of seismic data.

IS 15736 : 2006 Geological Exploration by Geophysical Method (Electrical Resistivity) – Code of Practice – Subsurface geological exploration are an integral part of pre-planning as well as design stage of any water resource project. Apart from the methods of geological exploration that have been used in the past, there have been developments in this field and instrumental methods of geological exploration are coming to the fore. One of the methods being increasingly used in geological exploration is the electrical resistivity method. This standard is intended to provide a Code of practice for application of electrical resistivity method and to provide guidance on the various equipment used in the same as well as for providing guidance prescribing field procedures and documentation of data.

प्राकृतिक गैस पाइप लाइन पद्धति के क्षेत्र में मानकीकरण – भा मा ब्यूरो में 14 क्षेत्रों को शामिल करते हुए नामतः लाइन पाइप लेपन आंतरिक/बाह्य, पाइप लाइन डालना, विषम पाइप लाइन डालना, पाइप लाइन की कैथोडिक सुरक्षा, गैस मीटरिंग पद्धति और गैस मापन उपकरण, पर्यवेक्षण नियंत्रण तथा आंकड़ा अधिग्रहण (स्काडा) पद्धति (दूरमिति और दूर संचार सहित), परिवहन और प्राकृतिक गैस के लिए लाइन पाइप (पाइप लाइन पद्धति के लिए फिटिंग तथा वॉल्व सहित) गैस पारेषण के लिए अपकेन्द्री संपीड़क, प्राइम मूवर सहित एलपीजी के परिवहन के लिए पम्प, गैस टर्बाइन, गैस डिस्पेच टर्मिनल का निर्माण और कमीशनिंग, स्वैबिंग/ईजीपी सहित पाइप लाइन की कमीशनिंग, पाइप लाइन की इंटेलिजेंट पिगिंग और पाइप लाइन की हॉट टेपिंग सहित 29 मानकों का निर्धारण किया है। यह 29 मानकों का समूह श्री तसलीमुद्दीन, माननीय राज्यमंत्री, कृषि, उपभोक्ता मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा 15 फरवरी 2007 को आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्र को समर्पित किया गया। गेल के मुख्य प्रबंध निदेशक, डॉ. यू. डी. चौबे ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और श्री तसलीमुद्दीन, माननीय राज्यमंत्री, कृषि, उपभोक्ता मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण से मानकों का समूह ग्रहण किया। इन मानकों के आने से गैस आपूर्ति व्यवसाय विनियमन और एक विषम देशीय राष्ट्रीय ग्रिड की आवश्यकता के संदर्भ में विशेष रूप से संगत बनेगा जहाँ पारेषण व्यापार में अनेक कंपनियाँ हैं। इन भारतीय मानकों के निर्धारण में गैस के पारेषण से संबंधित होने के कारण इनमें सुरक्षा तथा पर्यावरण के प्राचलों को अत्यंत महत्व दिया गया है और इसलिए ये सुरक्षा प्राचलों के निर्णय में अत्यंत सहायक होंगे तथा हमारे परिवेश में और अधिक सुधार लाएंगे।



Standardization in the field of Natural Gas Pipeline System – BIS formulated 29 standards on Natural Gas Pipeline System for transmission of gas covering 14 areas, namely, Line pipe coating internal/external, Pipeline laying, Laying of pipeline in crossing, Cathodic protection of pipeline, Gas metering system and gas measuring equipment, Supervisory Control and Data Acquisition (SCADA) System (including Telemetry and Telecommunication), Lines Pipes for Transportation and Natural Gas (including Fitting and Valves for Pipe Line System), Centrifugal compressors for gas transmission, Pumps for transportation of LPG including prime mover, Gas turbines, Construction and commissioning of gas dispatch terminal, Commissioning of pipelines including swabbing/EGP, Intelligent pigging of pipelines and Hot tapping of pipelines. This set of 29 standards was dedicated to the nation in a function by Shri Taslimuddin, Hon'ble Union Minister of State for Agriculture, Consumer Affairs, Food and Public Distribution on 15 February 2007. In this function Dr. U. D. Choubey, CMD, GAIL who also graced the occasion received the set of standards from Shri Taslimuddin, Hon'ble Union Minister of State for Agriculture, Consumer Affairs, Food and Public Distribution. The introduction of these standards would become especially relevant in the context of de-regulation of gas supply business with multiple players in the transmission business and need for a cross-country National Gas Grid. Safety and environment parameters have been given paramount importance while formulating these Indian Standards for transmission of gas and therefore would be extremely helpful in deciding safety parameters and further improve our environment.

मानकों की समीक्षा तथा अद्यतनीकरण

जब भी जरूरी हो मानकों की समीक्षा की जाती है परंतु यह समीक्षा पांच वर्षों में कम से एक बार अवश्य की जाती है। वर्ष के दौरान 3 848 मानकों की समीक्षा की गई, 3 691 मानकों की पुनः पुष्टि की गई, 211 का पुनरीक्षण शुरू किया गया और 102 मानकों को वापिस लिया गया। इसके साथ, मानकों में 254 संशोधन प्रकाशित किए गए।

Review and Updating of Standards

Standards are reviewed as considered necessary, but at least once in five years. During the year 3 848 standards were reviewed, 3 691standards were reaffirmed, 211 were taken up for revision and 102 were withdrawn. In addition, 254 amendments to standards were published.

सुमेलीकरण

खुले बाज़ार के परिदृश्य में भारत वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा की चुनौती का सामना कर रहा है। वैश्विक बाज़ार में बने रहने का एकमात्र तरीका है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित आईएसओ/आईईसी मानकों को जहाँ तक

Harmonization

In the market scenario, India is facing challenge of global competition. The only way to sustain in the global markets is to harmonize Indian Standards, as

संभव हो भारतीय मानकों के साथ सुमेलित किया जाए। भारत व्यापार पर तकनीकी बाधाओं पर डब्ल्यूटीओ करारनामे का हस्ताक्षरी है। इस करारनामे के अनुसार, डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों को अपने राष्ट्रीय मानक अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ सरेखित करने की आवश्यकता होती है। यद्यपि, देशों की विशिष्ट चिन्ता जैसे सुरक्षा, पर्यावरण संबंधी मुद्दों को राष्ट्रीय मानकों को निर्धारित करते समय विचार में लिया/शामिल किया जा सकता है। भा मा ब्यूरो में मानक निर्धारण के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों का उपयोग किया जाता है, जहाँ ये एक आधार के रूप में मौजूद हैं। अब तक भा मा ब्यूरो ने अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ 4 449 भारतीय मानकों को सुमेलित किया है। उन मानकों की संख्या पर विचार करते हुए, जहाँ संगत आईएसओ/आईईसी मानक मौजूद है, लगभग 74 प्रतिशत मानकों का सुमेलन किया गया है।

मानकों के कार्यान्वयन के लिए संगोष्ठियाँ

भा मा ब्यूरो ने विभिन्न क्षेत्रों में संगोष्ठियों के माध्यम से भारतीय मानकों के कार्यान्वयन को सघन बनाने का अभियान आरंभ किया है। सभी तकनीकी विभागों ने अभिज्ञात क्षेत्रों में गोष्ठियों का आयोजन किया जहाँ पणधारी जैसे विनिर्माता, प्रयोक्ता, अनुसंधान और विकास संगठन, सरकारी संस्थान तथा अन्य लोगों ने भाग लिया। इन सभी 32 संगोष्ठियों/कार्यशालाओं में उन्नत कार्यान्वयन के लिए विशिष्ट क्षेत्रों में उपलब्ध मानकों पर जानकारी का प्रसार किया गया। ये संगोष्ठियाँ औद्योगिक एस्टेट, समूहों में आयोजित की गई जहाँ विशिष्ट विनिर्माताओं की अधिक संख्या है, जिन्हें यह जानकारी दी जानी थी। इन संगोष्ठियों के दौरान मौजूदा मानकों में सुधार के लिए पणधारियों के विचार और सुझाव लिए गए और नए मानकों के विषय चुने गए। निम्नलिखित विषयों पर संगोष्ठियों का आयोजन किया गया:

- हस्त औजार उद्योग में मानकों का महत्व
- मानकीकरण – पैंच, बोल्ट तथा फास्टनर सहायक वस्तु उद्योगों के लिए बड़े लाभ
- पायरो टेक्नीक के क्षेत्र में बदलते रुझान
- घरेलू रसोई के बर्तनों का मानकीकरण
- मनोरंजक सवारियों और जल उद्यानों में सुरक्षा
- विद्युत मोटर
- बिजली के मीटर
- आईएस/आईएसओ 22000 के माध्यम से खाद्य सुरक्षा पर दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय संगोष्ठी
- नारियल उद्योग के लिए आईएस/आईएसओ 22000
- आईएस/आईएसओ 22000 के माध्यम खाद्य सुरक्षा
- पेय जल की गुणता
- हेलॉन की फेज़–आउट परियोजना

far as possible, with ISO/IEC Standards formulated at International level. India is a signatory to WTO Agreement on Technical Barriers to Trade (TBT). As per the agreement, member countries of WTO are required to align their National Standards with International Standards. However, country specific concerns such as safety, environmental issues can be considered/incorporated, while formulating National Standards. BIS uses International Standards wherever they exist as a basis for the standards development. So far BIS has harmonized 4 449 Indian Standards with International Standards. Considering number of standards where corresponding ISO/IEC Standards exist, about 74 percent standards are harmonized.

Seminars for Implementation of Standards

BIS has taken up a drive to intensify the implementation of Indian Standards through Seminars in different fields. All technical divisions organized Seminars in identified sectors where stakeholders such as manufacturers, users, R&D organizations, Government institutions and others participated. In all 32 Seminars/Workshops were conducted to disseminate information on standards available in the specific fields for increased implementation. These Seminars were conducted in industrial estates, clusters where there is concentration of specific manufacturers about which the information was to be disseminated. During these Seminars opinion and suggestion of stakeholders were also taken for improvement in the existing standards and for identification of subjects for new standards. Seminars on the following subjects were conducted:

- Significance of Standardization in Hand Tool Industries
- Standardization – Big benefit for Nuts, Bolts and Fastener Accessories Industries
- Changing trend in the field of Pyrotechnics
- Standardization in Domestic Kitchenware
- Safety in Amusement Rides and Water Parks
- Electric Motors
- Energy Meters
- South Asian regional seminar on Food Safety through IS/ISO 22000
- IS/ISO 22000 for coconut industry
- Food Safety through IS/ISO 22000
- Drinking Water Quality
- Halon phase-out project

- राष्ट्रीय भवन संहिता 2005 (देश में विभिन्न स्थानों पर आठ कार्यशालाएं) पर कार्यशाला
- एक्स–रे
- सार्वजनिक स्थलों/भवनों में अग्नि से सुरक्षा – अग्निरोधक वस्त्रादि का महत्व
- सूती वस्त्र उद्योग में गुणता प्रबंध का मानकीकरण
- जल परियोजनाओं के लिए भू–तकनीकी जांच पड़ताल में उभरते क्षेत्र और चुनौतियाँ
- राजीव गांधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार पर अंतः क्रियात्मक कार्यक्रम
- "इस्पात उद्योगों में प्रयुक्त लौह अयस्क, स्पंजी लौह, फैरो मिश्रधातु और रिफ्रेक्टरीज़ पर मानकीकरण" पर शोध पत्र प्रस्तुत
- बाइसाइकिल और इसके पुर्जों का मानकीकरण
- परिवहन पैकेज और पैकेजिंग पर राष्ट्रीय मानकों के माध्यम से सुरक्षा और अनुकूलतमीकरण
- सूचना प्रौद्योगिकी मानकीकरण – चुनौतियाँ तथा संकेन्द्रित विश्व में आगे का मार्ग
- सूचना प्रौद्योगिकी मानकीकरण पर कार्यशाला
- सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में खुले मानकों पर कार्यशाला
- तेल तथा गैस क्षेत्र में मानकीकरण।

- Workshop on National Building Code 2005 (8 Workshops at various locations in the country)
- X-ray
- Fire safety in public places/ buildings – Importance of Fire Retardant Textiles
- Standardization of Quality management in Cotton textile industry
- Emerging areas and challenges in geotechnical investigations for Hydro projects
- Interactive programme on Rajiv Gandhi National Quality Award
- Presenting a paper on 'Standardization on Iron Ore, Sponge Iron, Ferro Alloys and Refractories used in Steel Industries'
- Standardization of Bicycles and its components
- Safety and optimization through National Standards on Transport Packages and Packaging
- Information Technology Standardization – Challenges and way forward in the converged world
- Workshop on IT Standardization
- Workshop on open standards in the IT Sector
- Standardization in Oil and Gas Sector

मानक संवर्द्धन

मानक कार्यक्रमों का शैक्षिक उपयोग (ईयूएस)

मानकीकरण के क्षेत्र तथा गुणता पद्धतियों में व्यावसायिक संस्थानों के विद्यार्थियों तथा प्राध्यापक वर्ग को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए जिससे कि वे उनके द्वारा दिए जाने वाले माल और सेवाओं में गुणता लाने में सक्षम हो सकें। इस बात को समझते हुए मानकीकरण के संदेश के प्रचार और देश भर के विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों तथा विश्वविद्यालय क्षेत्रों में अद्यतन भारतीय मानकों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के विशिष्ट उद्देश्य से मानकों के शैक्षिक उपयोग पर भा मा ब्यूरो नियमित रूप से कार्यक्रम चलाता रहा है। उक्त कार्यक्रमों के प्रतिभागियों के बीच वितरण हेतु विशेषज्ञ क्षेत्रों में संदर्भ सामग्री के विशेष किट तैयार किए गए हैं।

वर्ष के दौरान सीआईपीईटी, गुवाहाटी; निरमा विश्वविद्यालय, अहमदाबाद; कालावाड़ कॉलेज, ज़िला जामनगर; जयप्रकाश मुकुंद लाल पोलीटेक्नीक, गाजियाबाद; इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मेनेजमेंट, ग्वालियर; लक्ष्मीबाई कॉलेज, दिल्ली; आरवीएस कॉलेज ऑफ आर्ट्स एण्ड साइंस, कोयम्बतूर;

STANDARDS PROMOTION

Educational Utilization of Standards Programmes (EUS)

The students and faculty of professional institutions need to be trained in the field of standardization and management systems, so that they are well equipped to introduce quality in goods and services to be delivered by them. Recognizing this BIS has been regularly conducting programmes on Educational Utilization of Standards with the specific aim to propagate the message of standardization and to create awareness about latest Indian Standards in various professional institutes and universities through out the country. Special kit of Reference Material pertaining to specialized fields has also been prepared for distribution amongst the participants in such programmes.

During the year, 26 programmes were organized at CIPET, Guwahati; Nirma University, Ahmedabad; Kalavad College, District Jamnagar, Jaiprakash Mukundh Lal Polytechnic, Ghaziabad; Institute of Hotel Management, Gwalior, Laxmi Bai College, Delhi; RVS College of Arts and Science,

राम देव बाबा कमला नेहरू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मेनेजमेंट इंस्टिट्यूट, नागपुर जैसे कुछ संस्थानों में 26 कार्यक्रमों का आयोजन किया।

उद्योग जागरूकता कार्यक्रम

उद्योग जागरूकता कार्यक्रम का मूल उद्देश्य लघु उद्योगों में मानकीकरण तथा गुणता पद्धति की अवधारणा का प्रचार करना है। ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने वाले व्यक्तियों को मानकीकरण, प्रबंध पद्धति प्रमाणन, उत्पाद प्रमाणन तथा भा मा ब्यूरो के अन्य कार्यक्रमों से अवगत कराया जाता हैं। ऐसे कार्यक्रमों में व्याख्यान, विचार विमर्श तथा वीडियो फिल्म के शो होते हैं। उक्त कार्यक्रमों में उस क्षेत्र के उद्योगों की संख्या पर निर्भर करते हुए विशिष्ट औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित मानकों पर भी प्रकाश डाला जाता है। भा मा ब्यूरो द्वारा उक्त कार्यक्रम स्थानीय उद्योग संघों तथा लघु उद्योग सेवा संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किए जाते हैं।

वर्ष के दौरान भारत भर में जैसे काजकोट इंजीनियरिंग एसोसिएशन, सौराष्ट्र; पाइप मन्युफेक्चरिंग एसोसिएशन, राजकोट; द नीलगिरी डिस्ट्रिक्ट को ऑप. मिल्क प्रोड्यूसर यूनियन, ऊटी; एसआईएसआई, नई दिल्ली; टेक्सटाइल इंडस्ट्री, कोयम्बटूर तथा एसोसिएशन ऑफ गोल्ड मर्चेन्ट, कोचीन हेतु कोच्चि आदि स्थानों पर आयोजित किए गए।

राज्य स्तरीय समितियाँ (एसएलसी)

मानकों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने तथा देश भर में मानकीकरण तथा प्रबंध पद्धति का संदेश प्रचारित करने के लिए राज्य स्तर पर एक स्थायी पद्धति स्थापित करने के लिए मानकीकरण तथा गुणता पद्धतियों के लिए लगभग सभी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में राज्य स्तरीय समितियाँ (एसएलसी) स्थापित की गई हैं। वर्ष के दौरान गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, गोवा, रायपुर और राजस्थान की राज्य स्तरीय समितियों की बैठकें की गईं। इन बैठकों में राज्य सरकारों द्वारा भा मा ब्यूरो प्रमाणित सामान की खरीद, कार्मिकों के प्रशिक्षण, गुणता नियंत्रण आदेशों के प्रवर्त्तन, उपभोक्ता शिक्षा तथा राज्य सरकारों द्वारा उन इकाइयों को अधिक प्रोत्साहन दिए जाने पर जोर दिया गया, जिनके पास उत्पाद तथा गुणता पद्धति प्रमाणन लाइसेंस हैं।

विश्व मानक दिवस

भा मा ब्यूरो द्वारा अपने मुख्यालय नई दिल्ली तथा क्षेत्रीय, शाखा कार्यालयों और निरीक्षण कार्यालयों में विश्व मानक दिवस मनाया गया। **"मानक : लघु उद्योगों हेतु बड़े लाभ"** विषय पर मुख्य

Coimbatore; Ram Dev Baba Kamla Nehru College of Engineering and Management Institute, Nagpur to name a few.

Industry Awareness Programmes

The basic aim of the Industry Awareness Programme is to propagate the concept of standardization and management systems amongst small scale industries. Such programme organized by BIS consist of lectures, discussions and video films shows, where the participants are exposed to the concept of standardization, Management Systems Certification, product certification and other BIS activities. Standards relating to specific industrial sector, depending upon the concentration of industries in the area, are also highlighted in such programmes. These programmes are organized by BIS in collaboration with Local Industry Associations and Small Industries Service Institute.

During the year 42 such programmes were organized all over India such as Kajkot Engineering Association, Saurashtra Pipe Manufacturing Association, Rajkot; The Nilgiris District Coop. Milk Producers Union, Ooty; SISI, New Delhi; Textile Industry, Coimbatore and Association of Gold Merchant in Kochin and Kochi.

State Level Committees (SLCs)

In order to have a permanent mechanism at the State Level to ensure effective implementation of standards and to propagate the message of Standardization and Quality Systems all over the country, State Level Committees (SLCs) for Standardization and Management Systems have been set up in almost all States/Union Territories. During the year meetings of SLCs in Haryana, Gujarat, Maharashtra, Goa, Raipur and Rajasthan were held. During these meetings emphasis was made on the purchase of BIS certified material by the State Government, Training of Personnel, Enforcement of Quality Control Orders, Consumer education and granting more incentives by State Governments to units holding products as well as Quality Systems Certification Licences.

World Standards Day

The World Standards Day was celebrated by BIS at its headquarters at New Delhi and also at Regional, Branch Offices and Inspection Offices. The main function and

समारोह तथा तकनीकी सम्मेलन 13 अक्तूबर 2006 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया जिसमें उद्योग, वाणिज्य, उपभोक्ताओं से जुड़े लोगों ने तथा प्रौद्योगिकीविदों, सरकारी विभागों, शिक्षण संस्थाओं आदि ने भाग लिया।

सूचना तथा लघु उद्योग सुविधा प्रदानकर्ता प्रकोष्ठ

भारतीय मानक ब्यूरो में वर्ष 1997 से कार्यरत सूचना तथा लघु उद्योग सरलीकरण प्रकोष्ठ लघु तथा मध्यम उद्यमियों की विभिन्न पूछताछों का समाधान करता रहा है। यह सुविधा प्रकोष्ठ एकल खिड़की के रूप में भारतीय मानक ब्यूरो के निम्नलिखित क्षेत्रों में विशेषकर लघु उद्योगों को अद्यतन सूचना/सहायता प्रदान करता रहा है।

- मानक (राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय)
- उत्पाद प्रमाणन चिन्ह योजना
- गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना (आईएसओ 9001)
- पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना (आईएसओ 14001)
- खाद्यजनित हानि विश्लेषण तथा क्रांतिक नियंत्रण बिंदु (एचएसीसीपी) (आईएस 15000)
- ईको चिन्ह के माध्यम से खाद्य स्वच्छता हेतु प्रमाणन योजना
- व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंध पद्धति (ओएचएसएमएस) (आईएस 18001)
- स्वर्ण और रजत आभूषणों और वस्तुओं पर हॉलमार्किंग योजना
- विदेशी निर्माताओं तथा आयातित उत्पादों के लिए प्रमाणन योजना
- पुस्तकालय सेवाएँ
- जागरूकता तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम
- प्रयोगशाला तथा अंशशोधन सेवाएँ
- विविध सूचना

इसके अतिरिक्त, अन्य क्षेत्रों में सूचना जैसे कि आईईसीक्यू, आईईसीईई–सीबी योजना, एगमार्क, डीसीएसएसआई, सिडबी, पेटेंट रजिस्ट्रार, भार एवं मापन, एसईआई आदि भी सुविधा प्रकोष्ठ द्वारा प्रदान किए जाते हैं। वर्ष के दौरान इस प्रकोष्ठ में 1 052 दूरभाषिक पूछताछ और 510 आगंतुकों को उत्तर दिए गए।

technical seminar on the theme "STANDARDS: BIG BENEFITS FOR SMALL BUSINESS" was organized at New Delhi on 13 October 2006 which was attended by a large number of delegates representing various organizations from industry, commerce, consumers, technologists, Government departments, educational institutions, etc.

Information and SSI Facilitation Cell

Information and SSI Facilitation Cell operating at BIS Headquarters since 1997 continued to serve small and medium scale entrepreneurs for their various queries. This Facilitation Cell, as a single window, provided variety of updated information / assistance particularly to small scale sectors in the following areas of BIS.

- Standards (National and International)
- Product Certification Marks Scheme
- Quality Management System Certification Scheme (ISO 9001)
- Environmental Management System Certification Scheme (ISO 14001)
- Hazard Analysis and Critical Control Point (HACCP) (IS 15000)
- Certification Scheme for Food Hygiene through ECO Mark
- Occupational Health & Safety Management System (OHSMS)(IS 18001)
- Hallmarking on Gold & Silver Jewellery & Artifacts
- Certification Scheme for Foreign Manufacturers and Imported Products
- Library Services
- Awareness and Training Programmes
- Laboratory and Calibration Services
- Miscellaneous Information

In addition, information in other areas like IECQ, IECEE - CB scheme, Agmark, DCSSI, SIDBI, Registrar of patents, Weights & Measure, SEI etc also provided by facilitation cell. This cell attended to 1 052 Telephonic queries and 510 Visitors during the year.

राजीव गांधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार (आरजीएनक्यूए)

सर्वश्रेष्ठ उद्योगों को विशेष मान्यता देने के उद्देश्य से भारतीय मानक ब्यूरो ने 1991 में राजीव गांधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार शुरू किया था। इस पुरस्कार का उद्देश्य गुणता कार्यक्रमों के प्रति उद्योगों में रुचि उत्पन्न करना और उनका सहयोग प्राप्त करना, भारतीय उत्पादों की गुणता के स्तर में सुधार करना और स्वदेशी तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजारों की चुनौतियों का सामना करने के लिए भारतीय संगठनों को अधिक सक्षम बनाना है। यह एक वार्षिक पुरस्कार है। यह अमेरिका के माल्कोम बालड्रिज़ गुणता पुरस्कार, जापान के डेमिंग पुरस्कार तथा यूरोपीय गुणता पुरस्कार की भांति तैयार किया गया है। इन पुरस्कारों के मूल्याँकन का मानदण्ड सम्पूर्ण गुणता प्रबंध (टीक्यूएम) पर आधारित है और विदेशों के इसी प्रकार के अन्य पुरस्कारों के मानदण्ड के समरूप है।

वर्ष 2006 के पुरस्कार श्री तस्लीमुद्दीन, माननीय राज्य कृषि मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री द्वारा दिनांक 15 फरवरी 2007 को नई दिल्ली स्थित कन्वेंशन सेंटर, स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में प्रदान किए गए।

Rajiv Gandhi National Quality Award (RGNQA)

Rajiv Gandhi National Quality Award was instituted by the Bureau of Indian Standards in 1991 with a view to give special recognition to the best industries. This award is intended to generate interest and involvement of Indian Industry in quality programmes, drive Indian products to higher levels of quality and better equip Indian organizations to meet the challenges of domestic and International markets. This award is an annual feature. It has been designed in line with similar awards in other developed countries like Malcolm Baldrige Quality Award of USA, Deming Prize of Japan and European Quality Award. The assessment criteria for these awards are based on Total Quality Management (TQM) and are at par with the criteria for other similar overseas awards.

The awards for the year 2006 were given by Shri Taslimuddin, Hon'ble Union Minister of State for Agriculture, Consumer Affairs, Food and Public Distribution in the awards presentation ceremony organized at Convention Centre, Scope Complex, Lodhi Road, New Delhi on 15 February 2007.

प्रचार

भा मा ब्यूरो की गतिविधियों के बारे में आम उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता फैलाने तथा गुणता के प्रति सशक्त चेतना का सृजन करने के लिए विभिन्न मीडिया के माध्यम से विविध प्रचार गतिविधियाँ की गईं। भा मा ब्यूरो के अधिकारियों ने भा मा ब्यूरो से जुड़े विषयों पर लगभग 30 वार्ताओं और साक्षात्कारों में भाग लिया, जो दूरदर्शन तथा लोकप्रिय केबल नेटवर्क पर प्रसारित किए गए। प्रमुख विकास तथा घटनाएँ इलैक्ट्रॉनिक मीडिया तथा समाचार पत्रों द्वारा कवर की गई।

भा मा ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों पर कॉर्पोरेट प्रस्तुतीकरण तैयार किए गए और इसकी प्रतियाँ सभी शाखा कार्यालयों/क्षेत्रीय कार्यालयों में उनकी प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों आदि में उपयोग के लिए तथा उपभोक्ता जागरूकता के लिए भी एवं भा मा ब्यूरो की गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए भेजी गई हैं।

अखिल भारतीय आधार पर प्रिंट मीडिया के माध्यम से लोगों को स्वर्ण आभूषणों की हॉलमार्किंग तथा अन्य गतिविधियों के लाभों के बारे में जागरूकता लाने के लिए प्रचार अभियान चलाया गया।

Publicity

To spread awareness of the activities of BIS among common consumers and create a strong consciousness for quality, it undertook various publicity activities through various media. BIS officials had participated in approx 30 talks and interviews on BIS related subjects which were telecast over Doordarshan and other popular cable networks. Significant developments and events were covered by the electronic media and newspapers.

Corporate Presentation on various activities of BIS was got produced and copies of the same were sent to ROs/ BOs for their use during exhibitions, seminars etc for promotion of activities of BIS and also for consummer awareness.

Publicity Campaign was undertaken on all-India basis through print media for consumer awareness regarding the benefits of Hallmarking of Gold Jewellery and also other activities.

भा मा ब्यूरो के हॉलमार्क तथा आईएसआई मुहर पर अनेक डिज़ाइन बनाए गए, जिन्हें अखिल भारतीय आधार पर जागो ग्राहक जागो अभियान के अंतर्गत प्रिंट मीडिया के माध्यम से उपयोग किया गया था।

हॉलमार्क तथा आईएसआई मुहर पर 20 सेकेण्ड की अवधि वाले दो रेडियो स्पॉट श्रेणी 1 के कार्यक्रम, विविध भारती के 40 रेडियो स्टेशनों, नौ एफएम –1 चैनलों तथा एआईआर के चार एफएम–2 चैनलों से 4 माह तक हिन्दी तथा क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित किए गए।

वर्ष के दौरान रेलवे स्टेशनों पर होर्डिंग के माध्यम से हॉलमार्क तथा आईएसआई मुहर पर बाहरी प्रचार अभियान भी किए गए।

भा मा ब्यूरो ने अनेक मेलों में भाग लिया, जिसमें शामिल हैं : प्रगति मैदान में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, एमएमटीसी स्वर्ण उत्सव, द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण सम्मेलन के लिए एसोचैम की ओर से प्रायोजन, उपभोक्ता जागरूकता विषय वस्तु पर महा विद्यालय के छात्रों का युवा मेला (दिल्ली हाट), लक्ष्मीबाई कॉलेज में उपभोक्ता अधिकार जागरूकता मेला, क्यूसीआई गुणता सम्मेलन, कृषि एक्सपो आदि। भा मा ब्यूरो के विभिन्न कार्यकलापों पर ब्लोअप प्रदर्शित किए गए, भा मा ब्यूरो की गतिविधियाँ प्रस्तुत की गई, भा मा ब्यूरो के गतिविधियों की जानकारी अतिथियों को दी गई, बड़ी संख्या में प्रचार सामग्री का वितरण प्रदर्शनियों के दौरान किया गया। आईएसआई मार्क एवं अन्य गतिविधियों के प्रचार पर फिल्म भी दर्शायी गई।

मानकों तथा अन्य प्रकाशनों का विक्रय

ब्यूरो, मुख्यालय, क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों में 17 विक्रय केन्द्रों के माध्यम से भारतीय मानकों तथा विशिष्टि प्रकाशनों का विक्रय कर रहा है। पंजीकृत पुस्तक विक्रेताओं, जिनकी संख्या 202 है, के माध्यम से भी बिक्री की जाती है। देश भर में 2006–07 के दौरान पिछले वर्ष के 41.85 मिलियन रुपए की तुलना में इस वर्ष 46.97 मिलियन रुपए के प्रकाशन बेचे गये। विदेशी मानकों की बिक्री पर पिछले वर्ष के 10.50 मिलियन रुपए की तुलना में 5.16 मिलियन रुपये (चौथी तिमाही के लिए विदेशी मानक निकाय से प्राप्त रॉयल्टी के अलावा) कमीशन के रूप में प्राप्त हुए।

भारतीय मानक सीडी-रोम पर भी एक पूरे सैट अथवा विभागीय परिषदानुसार सैट के रूप में लीज़ के लिए उपलब्ध है। सीडी-रोम पर भारतीय मानकों की लीजिंग से पिछले वर्ष की 14.11 मिलियन रुपए की रॉयल्टी राशि की तुलना में इस वर्ष 27.85 मिलियन रुपए की राशि प्राप्त हुई।

A number of designs were got made on BIS Hallmark and ISI Mark which were used in print media under Jago Grahak Jago campaign on all-India basis.

Two radio spots of 20 seconds duration on ISI Mark and Hallmarking of Gold Jewellery were broadcast in Hindi and regional languages for four months from 40 stations of Vividh Bharti in category I programme, 9 FM-I channels and 4 FM-II channels of AIR.

Outdoor publicity campaign on ISI Mark and Hallmarking of Gold Jewellery was also undertaken during the year through Hoardings at Railway stations.

BIS participated in a number of fairs which included: India International Trade Fair at Pragati Maidan, MMTC Festival of Gold, Sponsorship to ASSOCHAM for Second International Gold Summit, Youth Festival of College Students on Consumer Awareness Theme (Delhi Hat), Consumer Rights Awareness Festival at Lakshmi Bai College, QCI Quality Conclave, Krishi Expo, etc. Blow-ups on various activities of BIS were displayed, activities of BIS were displayed, activities of BIS were explained to the visitors, a large number of publicity literature was distributed during the exhibitions. The film to promote ISI Mark and other activities were also screened during the exhibitions.

Sale of Standards and Other Publications

The Bureau is selling Indian Standards and Special Publications through 17 sales outlets at Headquarter, Regional and Branch Offices. Sales are also done through registered booksellers numbering 202. The all-India sales during 2006-07 were Rs 46.97 million as against Rs. 41.85 million last year. The commission earned on sale of overseas standards was Rs 5.16 million (excluding royalty from overseas Standards Body for fourth quarter) as against Rs.10.50 million last year.

The Indian Standards are also available on CD-ROM, as a complete set or Division-Council-wise sets, for leasing. The royalty received on leasing of Indian Standards on CD-ROM was Rs 27.85 million up from the last year figure of Rs 14.11 million.

हिंदी गतिविधियाँ

राजभाषा संसदीय समिति ने भोपाल, हैदराबाद और अहमदाबाद शाखा कार्यालय का दौरा किया। नोडल अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एनआईटीएस, नोएडा में हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिनमें 70 कर्मचारियों ने भाग लिया। वर्ष के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चारों बैठकें (बैठकों के बीच 90 दिन के अंतराल के साथ) का आयोजन मुख्यालय में किया गया। विभिन्न शाखा कार्यालयों में 8 हिंदी कार्यशालाएँ आयोजित की गई थी। मुख्यालय के 5 विभागों का निरीक्षण भी किया गया। हिन्दी में मूलभूत पुस्तक लेखन का एक कार्यक्रम भी तैयार किया गया था। विभाग ने मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति बैठक में भाग लिया। हिन्दी पुस्तक चयन समिति की बैठक भी आयोजित की गई।

वर्ष के दौरान 360 मानकों के शीर्षकों का अनुवाद किया गया। इसके अलावा अनुवाद पैनल ने 40 मानकों को अनुवाद हेतु विचार में लिया। पांच मानक हिन्दी में प्रकाशित किए गए। 15 अंतिम रूप दिए गए मानक मसौदा मुद्रणाधीन हैं। लगभग 281 पृष्ठों का अनुवाद कार्य किया गया जैसे वार्षिक रिपोर्ट, विश्व मानक दिवस प्रलेख, विभिन्न विनियम, आंतरिक दूरभाष निर्देशिका, राजीव गांधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार प्रलेख, समझौता ज्ञापन संबंधी प्रलेख। हॉल मार्किंग विभाग की 19 स्लाइडों का अनुवाद हिन्दी में किया गया। लगभग 500 पृष्ठों की प्रैस नोट, विज्ञापन, निविदाएं, पत्र, टिप्पण आदि का अनुवाद, पुनरीक्षण, टंकण, मिलान तथा सुधार कार्य तत्काल आधार पर किया गया।

विदेशी भाषाएँ और प्रकाशन

विभाग में दो मासिक पत्रिकाओं – स्टेंडर्ड्स इंडिया पूर्व आईएसआई बुलेटिन, जो 1949 से जारी है और स्टेंडर्ड्स मंथली एडिशन, जो 1958 में आरंभ हुआ, के माध्यम से वैज्ञानिक, तकनीकी, औद्योगिक और व्यवसाय वृत्तों में मानकीकरण अभियान के प्रक्षेपण और प्रवर्तन का कार्य किया जाता है। स्टेंड्र्डस इंडिया में देश और विदेश में मानकीकरण प्रयास का एक रोचक विवरण तथा समीक्षा प्रस्तुत की जाती है। इसमें क्षेत्र की नवीनतम प्रगति पर प्रकाश डाला जाता है, विचारोत्तेजक महत्वपूर्ण टिप्पणियाँ प्रस्तुत की जाती हैं, यह अब इस क्षेत्र की एक प्रतिष्ठित पत्रिका बन गई है। स्टेंडर्ड मंथली एडिशन एक छोटा परन्तु सुगठित प्रकाशन है, जिसमें माह के दौरान आंतरिक स्तर पर नए, विद्यमान या मसौदा के तौर पर जारी अथवा विदेश से प्राप्त मानकों के विषय में सभी संशोधन, रूपान्तर और सूचनाएँ प्रकाशित किए जाते हैं।

एक कैटलॉग में ये शीर्षक शामिल हैं (क) भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रकाशित भारतीय मानकों को 31 दिसम्बर तक अद्यतन किया जाता है, (ख) अंतर्राष्ट्रीय मानकों के रूप में अपनाए जाने के लिए भारतीय मानक, (ग) हिन्दी में भारतीय मानक (अनुवाद), (घ) विशेष प्रकाशन, संदर्भ और गणना सहायक, तथा (ड.) कैटलॉग में सूचीबद्ध सभी प्रकाशनों के संगत सूचकांक का प्रकाशन विभाग द्वारा वार्षिक रूप से किया जाता है।

भा मा ब्यूरो के पास सभी प्रकाशनों के कॉपीराइट (सर्वाधिकार) सुरक्षित हैं और भारतीय मानकों से सार–संक्षेप पुनरूत्पादित करने के अनुरोध विभाग को अग्रेषित किए जाते हैं। आईएसओ/जन. 19 : 1999 'पुस्तकों में आईएसओ मानकों के लिए तीसरे पक्षकारों को कॉपीराइट के दोहन अधिकार सौंपने

Hindi Activities

The Parliamentary Committee on Official Language visited Bhopal, Hyderabad and Ahmedabad Branch Offices. Hindi workshop was organized for Nodal Officers/ staff at NITS, NOIDA where 70 officials participated. During the year, all the four meetings (with a gap of 90 days between meetings) of Official Language Implementation Committee were organized at Headquarters. Eight Hindi workshops were organized in different branch offices. Five departments of Headquarters were also inspected. A programme for Basic book writing in Hindi was also prepared. The department participated in the Ministry's Meeting of the Hindi Advisory Committee. Meeting of Hindi Books Selection Committee was also held.

During the year, 360 standards titles were translated. Besides, the translation panel considered 40 standards for translation. Five standards were published in Hindi. 15 Finalized draft standards are under print. About 281 pages of translation work like Annual report, World Standards Day documents, different regulations, internal telephone directory, RGNQ awards documents, MOU related documents. 19 slides from Hall marking department were translated in Hindi. 500 pages of Press Notes, Advertisements, Tenders, Letters, notes were translated, vetted, typed, compared and correction work was done on urgent basis.

Foreign Languages and Publications

The department handles the projection and promotion of the standardization movement in scientific, technical, industrial and business circles through two monthly journals – Standards India, the erstwhile ISI Bulletin which dates back to 1949, and Standards Monthly Additions, which was started in 1958. Standards India presents a stimulating commentary and review of the standardization effort at home and abroad. Highlighting as it does the very latest progress in the field, spiced with thought provoking critical comments; it has established itself in the field as a magazine of repute. The Standards Monthly Additions is a small but sleek publication recording all amendments, alterations and information regarding standards, new, existing or in the draft stage issued at home or received from abroad during the month.

A catalogue containing titles of (a) Indian Standards published by BIS updated up to the 31st December, (b) International Standards adopted as Indian Standards, (c) Indian Standards in Hindi (translation), (d) Special publications, reference and calculation aids, and (e) Index corresponding to all publications listed in the catalogue is published annually by the department.

BIS has the copyright of all its publications and requests for reproducing extracts from Indian Standards are forwarded to the department. After technical verification and calculations based on the procedures adopted from

हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत' से अपनाई गई प्रक्रिया विधियों पर आधारित तकनीकी सत्यापन और गणनाओं के बाद विभाग की ओर से आवेदक द्वारा कॉपीराइट प्रभारों के भुगतान पर उसे अनुमति प्रदान की जाती है।

विभाग द्वारा विभिन्न विदेशी भाषाओं के तकनीकी प्रलेखों, मानकों और अन्य सामग्री के अंग्रेज़ी में और अंग्रेज़ी से फ्रांसीसी तथा जर्मन भाषा में अनुवाद कराने के लिए अनुवाद सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। विभिन्न तकनीकी समितियों और उद्योग से अनुरोध नियमित रूप से मिल रहे हैं। विभाग द्वारा उन देशों में भी अंतः क्रिया की सुविधा दी जाती है, जहाँ जर्मन या फ्रांसीसी भाषा बोली जाती है।

प्रमाणन

उत्पाद प्रमाणन

भा मा ब्यूरो एक उत्पाद प्रमाणन योजना का प्रचालन करता है, जिसका नियंत्रण *भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम,* 1986 और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों तथा विनियमों द्वारा किया जाता है। उत्पाद पर मानक मुहर (आईएसआई मुहर के नाम से लोकप्रिय) की उपस्थिति संगत भारतीय मानक के साथ इसकी अनुरूपता इंगित करता है। किसी विनिर्माता को लाइसेंस प्रदान करने से पहले भा मा ब्यूरो विनिर्माता के पास आवश्यक अवसंरचना तथा क्षमता की उपलब्धता सुनिश्चित करता है और निरंतरता आधार पर संगत भारतीय मानक के अनुरूप उत्पाद की जांच करता है। उत्पादन स्थल और बाज़ार से नमूने लिए जाते हैं तथा संगत भारतीय मानक के साथ उनकी अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिए स्वतंत्र प्रयोगशाला से उनकी जांच कराई जाती है।

प्रमाणन योजना मूलतः स्वैच्छिक प्रकार की है, परन्तु उपभोक्ता के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मदों की एक संख्या तथा बृहत उपभोग वाले मदों के लिए इसे सरकार द्वारा विभिन्न वैधानिक उपायों जैसे *खाद्य अपमिश्रण अधिनियम, भारतीय गैस सिलिण्डर नियमों* के साथ *भा मा ब्यूरो अधिनियम* के माध्यम से अनिवार्य बनाया गया है। इनमें से कुछ मदों को स्वास्थ्य और सुरक्षा के आधार पर अनिवार्य प्रमाणन के अंतर्गत लाया गया है वे हैं एलपीजी सिलिण्डर, सीमेंट, इस्पात की नलियाँ, क्लिनिकल थर्मामीटर, प्लास्टिक की दूध पिलाने की बोतल, पैकेजबंद पेयजल, पैकेजबंद प्राकृतिक मिनरल जल आदि।

वर्ष 2006–2007 के दौरान भा मा ब्यूरो उत्पाद प्रमाणन योजना में पर्याप्त प्रगति की गई। वर्ष के दौरान 2 468 नए लाइसेंस (हॉलमार्किंग के अतिरिक्त) प्रदान किए गए। जिसमें मध्य क्षेत्र में –664, पूर्वी क्षेत्र में –237, उत्तरी क्षेत्र में –497, दक्षिण क्षेत्र में –580, पश्चिमी क्षेत्र में –482, के. मो. वि. में –8 प्रदान किए गए। वर्ष 2006–2007 के दौरान पहली बार 24 उत्पादों को प्रमाणन योजना के अंतर्गत शामिल किया गया। ये उत्पाद हैं पशुधन भोजन के घटक के रूप में सरसों और

ISO/GEN 19: 1999 'Guidelines for Granting Copyright Exploitation Rights to Third Parties for ISO Standards in Books', the department grants permission to the applicant on payment of the copyright charges.

Translation services are provided by the department for translation of technical documents, standards and other material from various foreign languages into English and from English into French and German. Regular requests are received from various technical committees as well as from the industry. The department also facilitates interaction with countries where German or French language is spoken.

CERTIFICATION

PRODUCT CERTIFICATION

BIS operates a Product Certification Scheme, which is governed by the *Bureau of Indian Standards Act*, 1986 and Rules and Regulations framed thereunder. Presence of Standard Mark (Popularly known as ISI Mark) on product indicates conformity to the relevant Indian Standard. Before granting licence to any manufacturer, BIS ascertains the availability of required infrastructure and capability of the manufacturer to produce and test the product conforming to the relevant Indian Standard on a continuous basis. Samples are also drawn from the production line as well as from market and got tested in independent laboratories to ensure their conformance to the relevant Indian Standard.

The Certification Scheme is basically voluntary in nature but for a number of items affecting health and safety of the consumer and those of mass consumption, it has been made mandatory by the Government through various statutory measures such as *Prevention of Food Adulteration Act, Indian Gas Cylinders Rules* besides *BIS Act.* Some of the items brought under mandatory certification on consideration of health and safety are LPG cylinders, cement, steel tubes, clinical thermometers, plastic feeding bottle, packaged drinking water, packaged natural mineral water, etc.

Considerable progress was made in BIS product certification scheme during 2006-07. During the year 2 468 new licences (excluding hallmarking) were granted. The number of licences granted by different regions are, CRO – 664, ERO – 237, NRO – 497, SRO – 580, WRO – 482, CMD – 8. During this period 24 new products were covered for the first time under the scheme. These products included Luminaries: Flood Lights; Horizontal

रेप्सीड तेल केक; क्षैतिज अकेंद्रिक स्वयं प्राइमिंग पम्प; विद्युत उपकरण के धूल रोधी ज्वाला रोधी आवेष्टन; एंटी स्ट्रिपिंग एजेंट (एमिन प्रकार); षटकोणीय सॉकेट हैड कैप पैंच; दीवार घड़ी (बेटरी से चलने वाली); सामान्य प्रयोजन के लिए बांस की चटाई का बोर्ड; प्राकृतिक मिनरल जल और पैकेजबंद पेयजल को पैक करने के लिए पात्र; बुझते हाइड्रोकार्बन और ध्रुवीय विलायक तंतुओं के लिए बहु प्रयोजन जलीय पर्त बनाने वाला झागदार तरल सान्द्र; इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एसएल; ठण्डे और गर्म पानी की आपूर्ति के लिए पोलीएथिलीन/एल्युमिनियम/पोलीएथिलीन सम्मिश्र दबाव पाइप; बत्ती उपकरण : फ्लड लाइट; दोहरे सिरे वाले रिंग रैंच (पाने); क्रैंकित; टेबल वाइन; फॉस्फेट विलायक जीवाणु संरोपण; सिरामिक टाइलों और मोजैक के साथ उपयोग के लिए आसंजक; खाद्य मूंगफली का आटा (कोल्हू से निकाला गया); स्वच्छ ठण्डे पानी के लिए उर्ध्व टर्बाइन मिश्रित और अक्षीय प्रवाह; इंसुलीकृत केबल के एल्युमिनियम संवाहकों के लिए संपीडन प्रकार के नालीदार कनेक्टर (संयोजक); काली चाय; स्वच्छ ठण्डे पानी के लिए क्षैतिज अपकेन्द्री पम्प; ग्लिसरोल मोनोस्टिएरेट, खाद्य ग्रेड; एजोस्पाइरिलियम संरोपण; घरेलू तिरछी सिलाई वाली मशीन।



आकृति 2 भा मा ब्यूरो द्वारा स्वीकृत उत्पाद प्रमाणन लाइसेंस

***Fig.* 2 BIS Product Certification Licences Granted**



आकृति 3 लागू लाइसेंसों की संख्या (31 मार्च के अनुसार)

***Fig.* 3 Number of Operative Licences (as on 31 March)**

भा मा ब्यूरो प्रमाणन मुहर योजना के अंतर्गत इस प्रकार लिए गए कुल भारतीय मानकों की संख्या, जिसमें उत्पादों का प्रमाणन किया गया है, लगभग 1 000 है। वर्ष के दौरान 4 743 नये लाइसेंस प्रदान किये गये (हालमार्किंग लाइसेंसो के साथ) (*देखें* आकृति 2)। दिनांक 31 मार्च 2007 को प्रचालित लाइसेंसों की कुल संख्या 22 994 (हॉलमार्किंग के साथ) है (*देखें* आकृति 3)।

उत्पाद प्रमाणन योजना के अंतर्गत प्रचालित लाइसेंस/आवेदकों का आकलन

लाइसेसों की अवधि की निगरानी के लिये वर्ष के दौरान 35 155 निरीक्षण दौरे किये गये और स्वतंत्र परीक्षण के लिए 29 056 नमूने लिए गए। जनशक्ति की बाधाओं के कारण, भा मा ब्यूरो ने निगरानी निरीक्षणों का कार्य बाहरी अभिकरण को आउटसोर्स किया है। वर्ष के दौरान 11 812 निरीक्षण आउटसोर्स अभिकरणों द्वारा किया गया है। भा मा ब्यूरो ने आउटसोर्स किए गए अभिकरणों को बाजार के नमूने प्राप्त करने के कार्य का एक भाग भी आउटसोर्स किया। वर्ष के दौरान आउटसोर्स किए गए अभिकरणों द्वारा 390 बाजार नमूने लिए गए।

Centrifugal Pumps for Clear Cold Water; Bamboo Mat Board for General Purpose; Glyceryl Monostreate, Food Grade; Antistripping Agents (Amine type); Mustard and Rape Seed Oil Cake as Livestock Feed Ingredient; Containers for Packaging of Natural Mineral Water and Packaged Drinking Water; Imidacloprid 17.8% SL; Double Ended Ring Wrenches (Spanners): Cranked; Adhesive for Use with Ceramic Tiles and Mosaics; Horizontal Centrifugal Self-Priming Pumps; Haxagon Socket Head Cap Screw; Phosphate Solubilizing Bacterial Inoculants; Edible Groundnut Flour (expeller pressed); Black Tea; Azospirillum Inoculants; Dust Tight Ignition Proof Enclosures of Electrical Equipment; Wall Clocks (Battery Operated); Multipurpose Aqueous Film Forming Foam Liquid Concentrate for Extinguishing Hydro Carbon and Polar Solvent Fires; Polyethylene/Aluminium/Polyethylene Composite Pressure Pipes for Hot and Cold Water Supplies; Table Wine; Vertical Turbine Mixed and Axial Flow for Clear Cold Water; Compression Type Tubular in Line Connectors for Aluminum Conductors of Insulated Cables; Household Zig-zag Sewing Machine.

The total number of Indian Standards covered under BIS Certification Marks Scheme is around 1 000. During the year 4 743 new licences (including Hallmarking licences) were granted (*see* Fig. 2). The total number of operative licences as on 31 March 2007 were 22 994 (including Hallmarking) (*see* Fig. 3).

Assessment of Operative Licences/Applicants under Product Certification Scheme

In order to monitor the operation of licences, a total number of 35 155 inspection visits were organized during the year and 29 056 samples were drawn for independent testing. Due to constraint of man power, BIS is outsourcing part of the surveillance inspections to the outside agencies. During the year 11 812 inspections were carried out by the outsourced agencies. BIS has also outsourced part of the procurement of market samples to the outsourced agents. During the year 390 market samples were drawn by the outsourced agencies.

प्रमाणन प्रचालन की समीक्षा

भारतीय मानक ब्यूरो प्रमाणन चिन्ह योजना के प्रचालन के बारे में पुनर्निवेशन के लिए प्रचालन के प्रमुख क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले लाइसेंसधारियों के साथ नियमित रूप से समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं। इस वर्ष 2006–07 में प्राकृतिक रबर, एज्बेस्टस सीमेंट उत्पादों, बिजली के मीटरों, पैकेजबंद पेयजल, सौर चपटी प्लेट वाले संग्राहक, ऑप्टिकल उपकरण (विभिन्न प्रकार के सूक्ष्मदर्शी और दूरबीन आईपीस) जिंक सल्फेट, वस्त्रादि और वस्त्रोद्योग उत्पाद (जूट के अलावा) पीड़कनाशी, जूट, सीमेंट, एचडीपीई पाइप, यूपीवीसी पाइप तथा फिटिंग इस्पात के उत्पाद, मोटर साइकिल चालकों के लिए सुरक्षात्मक हेलमेट, इलैक्ट्रिक पानी के हीटर, पीवीसी इंसुलेटिड केबल, भवन हार्डवेयर, ज्वाला रोधी आवेष्टन, डीज़ल इंजन और पम्प के क्षेत्रों को शामिल करते हुए लाइसेंसधारियों के साथ 25 समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं।

विदेशी विनिर्माता प्रमाणन योजना

भा मा ब्यूरो विदेशी विनिर्माताओं के लिए उत्पाद प्रमाणन योजना चला रहा है। इस योजना में उत्पाद की विशिष्टताओं वाले ऐसे भारतीय मानक हेतु किसी भी उत्पाद के लिए लाइसेंस प्रदान किया जा सकता हैं जिसमें प्रमाणन निहित हो। यह योजना स्व–प्रमाणन के आधार पर चलाई जाती है जिसमें विनिर्माता उस भारतीय मानक से अनुरूपता सुनिश्चित करने के बाद उत्पाद पर मानक मुहर लगा सकता है जिसके लिए उसे लाइसेंस दिया गया है। अपने सतर्कता अभियानों के माध्यम से ब्यूरो उत्पाद की गुणता पर सख्त निगरानी रखता है। भा मा ब्यूरो ने चीन, भूटान, बांग्लादेश, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हंगरी, इंडोनेशिया, इटली, नेपाल, पौलेंड, स्पेन, स्विटज़रलैंड, संयुक्त अरब अमीरात जैसे कई देशों को सीमेंट, लकड़ी के उत्पाद, प्लग और सॉकेट आउटलेट, आरसीसीबी, सामान्य प्रयोजनों के ब्लास्टिड लैम्प, प्लास्टिक की फीडिंग बोतलें, क्लिनीकल थर्मामीटर, पैकेजबंद पेयजल, पैकेजबंद मिनरल जल, इस्पात के उत्पाद, पीवीसी ऊष्मारोधित केबल, एसी स्थैतिक वॉटआर मीटर जैसे विभिन्न उत्पादों के लिए लाइसेंस प्रदान किए हैं। वर्ष के दौरान केबल, स्विच,प्लास्टिक की फीडिंग बोतलें, एसी स्थैतिक वॉटआर मीटर और अवशिष्ट करंट चालित परिपथ वियोजक जैसे उत्पादों के लिए चीन, ग्रीस, फ्रांस, स्पेन और थाइलैंड जैसे देशों को 8 लाइसेंस दिए गए जिससे विदेशी विनिर्माता योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले लाइसेंसों की कुल संख्या 65 हो गई है।

भा मा ब्यूरो भारतीय आयातकों के लिए भी उत्पाद प्रमाणन योजना चला रहा है। आयातक इकाई को भारतीय विनिर्माता की तरह ही लिया जाता है और उन्हें अन्य भारतीय विनिर्माताओं की भांति ही

Review of Certification Operation

In order to acquire feedback on the operation of the BIS Certification Marks Scheme, review meetings with the licensees representing significant fields of operations are organized on a regular basis. In 2006-07, 25 review meetings with licensees were organized covering the areas of Natural Rubber, Asbestos Cement Products, Energy Meters, Packaged Drinking Water, Solar Flat Plate Collector, Optical Instruments (Various types of microscopes and binocular eyepieces), Zinc Sulphate, Textile and Textile Products (Other than Jute), Pesticides, Jute, Cement, HDPE Pipes, UPVC Pipes and Fittings, Steel Products, Protective helmet for motorcycle riders, Electric Water Heaters, PVC Insulated Cables, Building Hardware, Flameproof Enclosures, Diesel Engine and Pumps.

Foreign Manufacturer Certification Scheme

BIS is operating a product certification scheme for foreign manufacturers. In this scheme, a licence can be granted for any product against an Indian Standard specifying product characteristics, which is amenable to certification. The scheme operates on self-certification basis, whereby the manufacturer is permitted to apply the Standard Mark on the product after ascertaining its conformity to the Indian Standard licenced for. Through its surveillance operations, the Bureau maintains a close vigil on the quality of goods certified. BIS has granted licences for various products such as Cement, Wood products, Plugs and socket outlets, RCCBs, Self-ballasted lamps for general purposes, Plastic Feeding Bottle, Clinical Thermometers, Packaged Drinking water, Packaged Natural Mineral water, Steel Products, PVC insulated cables, Wood products, ac static watthour meter in different countries such as China, Bhutan, Bangladesh, France, Germany, Greece, Hungary, Indonesia, Italy, Nepal, Poland, Spain, Switzerland, UAE. During the year 8 licences were granted for products such as Cables, Switches, Plastic Feeding Bottles, ac watthour meters and Residual Current Operated Circuit Breakers in countries like Italy, China, Greece, France, Spain and Thailand taking the number of total licences in operation under Foreign Manufacturers Scheme to 65.

BIS is also operating a product certification Scheme for Indian Importers. An importing unit is treated as an Indian manufacturer and licence granted and

लाइसेंस दिया और संचालित किया जाता है। आयातक इकाई के पास भारतीय मानकों से अपने उत्पाद की अनुरूपता के परीक्षण के लिए पूरी सज्जित प्रयोगशाला होनी चाहिए। भा मा ब्यूरो इस योजना के अंतर्गत 2 लाइसेंस संचालित कर रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय योजनाएँ

आईईसी की अनुरुपता आकलन योजनाएँ

आईईसी द्वारा विद्युत और इलैक्ट्रॉनिक उत्पादों नामतः आईईसीईई – सीबी, आईईसीक्यू तथा आईईसीईएक्स योजनाओं के लिए तीन विश्व व्यापी अनुरुपता आकलन योजनाओं का प्रचालन किया जाता है।

i) आईईसीईई–सीबी योजना

भा मा ब्यूरो में ऐसे उत्पादों की श्रेणियाँ चुनने के लिए जारी करने और मान्यता देने के लिए एनसीबी को अनुमोदन दिया है, जिनके लिए भारतीय विनिर्माताओं को सीबी प्रमाणपत्र जारी किए जा सकते हैं, यह अनुमोदन 2008 तक वैध है।

ii) इलैक्ट्रॉनिक पुर्जों के लिए आईईसी गुणता आकलन पद्धति (आईईसीक्यू)

इस पद्धति के अंतर्गत भारत में प्रचालित निम्नलिखित संगठन शामिल हैं :

क) **भा मा ब्यूरो** – यह राष्ट्रीय अधिकृत संस्थान (एनएआई) के रूप में और मानकों के निर्धारण के लिए यह राष्ट्रीय मानक संगठन (एनएसओ) के रूप में कार्य करता है जिस पर देश में पद्धति के प्रबंधन का पूरा दायित्व है।

ख) **एसटीक्यूसी निदेशालय** – यह मूल्य निरुपण और निगरानी के दायित्व के साथ राष्ट्रीय पर्यवेक्षण निरीक्षणालय (एनएसआई) के रूप में कार्य करता है।

ग) **एनपीएल तथा एसटीक्यूसी की क्षेत्रीय प्रयोगशालाएँ** – यह राष्ट्रीय अंशशोधन सेवा (एनसीएस) प्रदान करता है, जो पद्धति को अंशशोधन समर्थन देता है।

इस पद्धति के अंतर्गत एनएआई द्वारा विनिर्माताओं, वितरकों तथा प्रयोगशालाओं को एनएसआई द्वारा किए गए मूल्य निरुपण के आधार पर अनुमोदन प्रदान किए जाते हैं। अनुमोदन प्रदान करने के बाद एनएसआई द्वारा इन इकाइयों के निरीक्षण दौरे भी किए जाते हैं। प्रचालन की समग्र पद्धति का नियंत्रण भारतीय राष्ट्रीय निगरानी व्यवस्था विवरण द्वारा किया जाता है, जो प्रत्येक शामिल संगठन के कार्यों का विवरण देने के साथ भारत में अपनाई जाने वाली अनुमोदन की पद्धति भी प्रदान करता है।

iii) विस्फोटक वातावरण के लिए विद्युत उपकरणों हेतु मानकों के प्रमाणन की आईईसी ईएक्स योजना (आईईसी ईएक्स)

भारत में आईईसी ईएक्स योजना के प्राचलन से प्रोद्भुत संभावित लाभों को देखते हुए भारत के राष्ट्रीय मानक निकाय के रूप में भा मा ब्यूरो ने राष्ट्रीय सदस्य निकाय के रूप में स्वीकार करने के लिए आवेदन जमा किया है। आईईसी ईएक्स नियमों के अनुसार आईईसी ईएक्स योजना में सदस्यता के लिए भारत का आवेदन अनुमोदित हो गया है।

operated in manner similar to other Indian manufacturers. The importing unit should setup a fully equipped laboratory for testing the product for its conformity to Indian Standard. BIS is operating 2 licences under this scheme.

INTERNATIONAL SCHEMES

Conformity Assessment Schemes of IEC

IEC operates mainly 3 world wide conformity assessment schemes for electrical and electronic products, namely IECEE-CB, IECQ and IECEx Schemes.

i) IECEE-CB Scheme

BIS has been approved as Issuing and Recognizing NCB for select categories of products for which it can issue CB certificates to Indian manufacturers and the approval is valid up to 2008.

ii) IEC Quality Assessment System for Electronic Components (IECQ)

Under the system presently operated in India, following organizations are involved:

a) **BIS** – Acts as National Authorized Institution (NAI) having overall responsibility of managing the system in the country and National Standards Organization (NSO) for formulation of standards.

b) **STQC Directorate** – Acts as National Supervising Inspectorate (NSI) having responsibility of appraisal and surveillance.

c) **NPL and Regional Laboratories of STQC** – Act to provide National Calibration Services (NCS) which provides calibration support to the system.

Under this system, approvals are granted by NAI to manufacturers, distributors and laboratories on the basis of appraisal done by NSI. After the approval is granted, surveillance visits are also paid to these units by NSI. Overall system of operation is governed by Indian National Statement of Surveillance Arrangements which provides details of functions of each organization involved and also the system of the approval followed in India.

iii) IEC EX Scheme for Certification to Standards for Electrical Equipments for Explosive Atmospheres (IEC EX)

In view of the benefits likely to accrue from the operation of the IEC Ex Scheme in India, BIS as the National Standards Body of India submitted the application for being accepted as National Member Body. In accordance with the IEC Ex Rules, India's Application for membership in the IEC Ex Scheme has been approved.

नई पहलें

लाइसेंस प्रदान करने की प्रक्रियाविधि का सरलीकरण – लाइसेंस प्रदान करने में लगने वाले समय को कम करने के उपाय किए गए हैं। लाइसेंस प्रदान करने में अधिक समय लगने में योगदान देने वाली एक प्रमुख बाधा नमूनों के परीक्षण में लगने वाला समय है। नई सरल प्रक्रियाविधि के अंतर्गत इसे बताया गया है और भा मा ब्यूरो की अनुमोदित प्रयोगशालाओं से आवेदकों द्वारा नमूनों के परीक्षण कराने के आधार पर लाइसेंस दिए जा रहे हैं। इससे लगने वाला कुल समय 4 माह से घट कर 1 माह रह गया है। आवेदकों को भारतीय मानक ब्यूरो अधिकारी के दौरे के स्थान पर एक चार्टर्ड अभियंता द्वारा सत्यापित लाइसेंस प्रदान करने की पूर्व शर्त पाने का एक वैकल्पिक मार्ग भी दिया गया है तथापि, फलस्वरूप भा मा ब्यूरो के अधिकारियों द्वारा विनिर्माण और परीक्षण अवसंरचना की निरंतरता और अनुरक्षण सुनिश्चित करना जारी रहेगा। पुनः आवेदनों में या तो लाइसेंस प्रदान करने के लिए सामान्य प्रक्रियाविधि अथवा लाइसेंस प्रदान करने की सरलीकृत प्रक्रियाविधि के अनुसार आवेदन करने का विकल्प दिया जाता है।

स्वर्ण/रजत के आभूषणों की हॉलमार्किंग योजना

वर्ष 2006–07 के दौरान यौक्तिकीकरण एवं सरलीकरण के कार्यान्वयन से इस योजना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। दिनांक 1 अप्रैल 2006 को स्वर्ण आभूषणों के हॉलमार्किंग हेतु लाइसेंसों की संख्या 1 410 से बढ़ कर 31 मार्च, 2007 तक 3 466 हो गई है। इसी प्रकार रजत आभूषणों/वस्तुओं के लिए रजत लाइसेंसों की संख्या 1 अप्रैल, 2006 को 23 से बढ़ कर 31 मार्च, 2007 को 242 हो गई है।

यौक्तिकीकरण एवं सरलीकरण के बाद प्रदान किए जाने वाले प्रतिमाह औसतन लाइसेंसों की संख्या 16 थी, जो 1 अप्रैल 2006 से 31 मार्च, 2007 की अवधि में उल्लेखनीय रूप से बढ़ कर 189 प्रति माह हो गई है।

वर्ष 2006–07 के दौरान हॉलमार्क किए गए स्वर्ण आभूषण/वस्तुएँ 94.73 लाख रही। प्रति माह हॉलमार्क की गई औसत वस्तुओं की संख्या 2005–06 में 4.33 लाख प्रतिमाह से बढ़ कर इस वर्ष 7.89 लाख प्रति माह हो गई है।

पणधारियों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर इस योजना में आवेदन प्रपत्र में उपयुक्त परिवर्तन करते हुए पुनः संशोधन किए गए हैं और विभिन्न शाखा कार्यालयों के अंतर्गत आने वाले बहु श्रृंखला आउटलेटों वाले आभूषण निर्माताओं के साथ एक शाखा कार्यालय द्वारा केन्द्रीय अंतःक्रिया के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत निर्धारित किए गए हैं। पुनः बहु श्रृंखला आउटलेट वाले आभूषण निर्माताओं को प्रथम लाइसेंस के बाद अगले आउटलेट के लिए 25 प्रतिशत की रियायत की अनुमति दी गई है।

स्वर्ण के लिए भा मा ब्यूरो हॉलमार्किंग योजना एक तृतीय पक्ष प्रमाणन योजना है जिसमें लाइसेंसधारी को भा मा ब्यूरो द्वारा मान्यता प्राप्त आकलन और हॉलमार्किंग केन्द्रों द्वारा हॉलमार्क किए गए आभूषण/वस्तुएँ मिल सकती हैं। केन्द्रों को आकलन और हॉलमार्किंग केन्द्रों की मान्यता के लिए भा मा ब्यूरो मानदण्ड के पालन के आधार पर मान्यता दी जाती है, जो आईएस/आईएसओ/आईईसी 17025 'परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशालाओं की सक्षमता हेतु सामान्य आवश्यकताओं' पर

NEW INITIATIVES TAKEN

Simplification of Procedure for Grant of Licence – Initiative has been taken to reduce the time taken for grant of licence. One of the major factors which contributed towards delay in grant of licence was the time taken in testing of sample. Under the new simplified procedure, this has been addressed and licence is being granted based on samples got tested by applicants from BIS approved labs. This has significantly reduced the time period from 4 months to 1 month. An alternate option has also been provided to the applicants to get the pre-requisite for grant of licence verified by a Chartered Engineer in place of visit by a BIS officer. However, subsequently, visits by BIS officers would continue to ensure continuance and maintenance of manufacturing and testing infrastructure. Further, applicants are given an option to apply either as per Normal Procedure for grant of licence or as per Simplified Procedure grant of licence.

Hallmarking Scheme of Gold/Silver Jewellery

With the implementation of the simplified and rationalized scheme for Hallmarking, the Scheme has significantly grown during the year 2006-07. The number of licences for Hallmarking of gold jewellery has grown from 1 410 on 1 April 2006 to 3 466 as on 31 March 2007. Similarly the number of silver licences for Hallmarking of silver jewellery / artifacts has grown from 23 on 1 April 2006 to 242 as on 31 March 2007.

The average number of licences granted per month before simplification and rationalization were 16 per month, which has significantly grown to 189 per month during the period 1April 2006 to 31 March 2007.

94.73 lakh articles of gold jewellery/artifacts have been hallmarked during the year 2006-07. Average quantity hallmarked per month has grown to 7.89 lakh/month in this year from 4.33 lakh/month in the year 2005-06.

Based on the feedback received from stakeholders, the Scheme has been further modified by making appropriate changes in the application form and formulating guidelines for centralized interaction by one Branch Office with the jewellers having multi chain outlets falling under different Branch Offices. Further, Jewellers having multi chain outlets have been permitted 25 percent discount for every subsequent outlet after the first licence.

The BIS Hallmarking Scheme for gold is a third party certification scheme in which the licensees can get their jewellery/artifacts hallmarked by the BIS recognized Assaying & Hallmarking (A&H) Centres. Recognition is granted to Centres, on the basis of compliance to BIS criteria for recognition of A&H centres which is based on IS/ISO/IEC 17025 'General requirements for the competence of testing and

आधारित है। वर्ष के दौरान भा मा ब्यूरो मान्यता प्राप्त आकलन और हॉलमार्किंग केन्द्रों की संख्या 36 से बढ़ कर 45 हो गई है।

केन्द्रीय सहायता से भारत में स्वर्ण आकलन/आभूषणों की हॉलमार्किंग केन्द्रों की स्थापना की योजना का कार्यान्वयन

हॉलमार्किंग को प्रोत्साहन देने तथा इसे देश भर में फैलाने में सहायता देने के लिए नवम्बर 2005 में दसवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा केन्द्रीय सहायता से प्रायोगिक आधार पर चुने गए 35 ज़िलों में स्वर्ण आभूषणों की हॉलमार्किंग और आकलन केन्द्रों को स्थापित करने की योजना अनुमोदित की गई थी। यह योजना 11वीं पंचवर्षीय योजना तक विस्तारित की गई है।

इस योजना के अंतर्गत चुने गए आवेदकों को सभी राज्यों के लिए 15 लाख रु. प्रति केन्द्र की अधिकतम सीमा तक मशीनरी तथा उपकरणों की लागत तक 15 प्रतिशत की एक मुश्त वित्तीय सहायता दी जाएगी, जिसे पूर्वोत्तर के स्थानों और विशेष श्रेणी के राज्यों, नामतः जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तरांचल को प्रति केन्द्र मशीनरी तथा उपकरणों की लागत के 30 प्रतिशत की दर पर अधिकतम 30 लाख रुपए की एक मुश्त वित्तीय सहायता तक बढ़ाया गया था।

इस अवधि के दौरान जारी किए गए विज्ञापनों के उत्तर में भा मा ब्यूरो द्वारा विशाखापटनम और जयपुर में एक – एक केन्द्र को मान्यता दी गई थी। प्राप्त फीडबैक के आधार पर मेरठ, लुधियाना, मदुरै, सिलीगुड़ी, सेलम, मैसूर और मैंगलोर में स्थित केन्द्रों की जल्दी ही बनने की संभावना है।

शिल्पकारों के प्रशिक्षण : आभूषण निर्माताओं के साथ शिल्पकारों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन इस दृष्टि से आयोजित किया जा रहा है कि उन्हें हॉलमार्किंग योजना की आवश्यकताएँ समझाई जा सकें। वर्ष 2006–07 के दौरान शिल्पकारों के लिए दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन जनवरी 2007 में मणिपाल तथा मार्च 2007 में मुम्बई में किया गया है। इनका आयोजन भारतीय रत्न एवं आभूषण संस्थान, मुम्बई और मणिपाल आभूषण प्रबंध संस्थान, मणिपाल के साथ समन्वय से किया गया है।

हॉलमार्किंग के विषय में प्रचार

देश में स्वर्ण आभूषण व्यापार में प्रभावी उपभोक्ता सुरक्षा के लिए हॉलमार्किंग को प्रोत्साहन देने हेतु वर्ष 2006–07 के दौरान 136 जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों द्वारा देश में किया गया। इनमें से कुछ कार्यक्रमों की अध्यक्षता, पणधारियों से प्रत्यक्ष बातचीत और फीडबैक लेने के लिए, भा मा ब्यूरो के उच्च प्रबंध द्वारा की गई।

उपरोक्त कार्यक्रमों के अतिरिक्त देशभर के विभिन्न समाचार पत्रों में हॉलमार्किंग योजना के लाभों के विषय में उपभोक्ताओं/आभूषण निर्माताओं के बीच जागरूकता फैलाने के लिए 290 विज्ञापन जारी किए गए।

calibration laboratories'. During the year, the number of BIS recognized assaying and hallmarking centres has grown to 45 from 36.

Implementation of the Scheme for Setting Up of Gold Assaying / Hallmarking Centres in India with Central Assistance

For promoting Hallmarking and help it to spread across the country, a scheme of setting up of Assaying and Hallmarking centres for gold jewellery in 35 select districts on a pilot basis with central assistance was approved by Government under the 10th Five Year plan in November 2005. The scheme has been extended to the 11th Five year Plan.

Under the scheme selected applicants would be given one time financial assistance @ 15 percent of cost of machinery and equipment subject to maximum of Rs. 15 lakhs per centre for all states, which was further revised for locations of north-east and special category states, namely Jammu and Kashmir, Himachal Pradesh and Uttaranchal to one time financial assistance @ 30 percent of cost of machinery and equipment subject to maximum of Rs. 30 lakhs per centre.

In response to the advertisements issued during the period, two centres one each at Visakhapatnam and Jaipur were recognized by BIS. Based on feedback received centres at Meerut, Ludhiana, Madurai, Siliguri, Salem, Mysore, and Mangalore are likely to come up shortly.

Training for Artisans: The training programmes for artisans with jewellers are being organized with a view to make them understand the requirements of hallmarking scheme. During 2006-07, two training programmes for artisans have been organized, one at Manipal in January 2007 and the other at Mumbai in March 2007. These have been organized in coordination with Indian Institute of Gems & Jewellery, Mumbai and Manipal Institute of Jewellery Management, Manipal respectively.

Publicity about Hallmarking

To promote hallmarking in the country for effective consumer protection in gold jewellery trade, 136 awareness programmes were organized during the year 2006-07 by various Regional and Branch offices across the country. Some of these programmes were chaired by the top management of BIS for direct interaction and taking feedback from the stakeholders.

In addition to the above programmes 290 advertisements were released in various newspapers across the country for spreading awareness among the consumers/jewellers about the benefits of Hallmarking Scheme.

गैर हॉलमार्क किए गए आभूषणों का बाजार सर्वेक्षण – उपभोक्ता मामले मंत्रालय की सलाह पर 2006 के दौरान 16 शहरों में एक बाज़ार सर्वेक्षण का आयोजन किया गया। लिए गए तथा शुद्धता की जांच हेतु 162 नमूनों में से 146 नमूने (90 प्रतिशत) औसतन 13.5 प्रतिशत की कमी और 44.66 प्रतिशत की अधिकतम कमी के साथ शुद्धता में कम पाए गए।

भारतीय मानक ब्यूरो (मूल्यवान धातुओं की हॉलमार्किंग) विनियम, 2007 का मसौदा– हॉलमार्किंग योजना को कानूनी समर्थन देने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (मूल्यवान धातुओं की हॉलमार्किंग) विनियम, 2007 का मसौदा निर्धारित किया गया और कार्यकारणी समिति के अनुमोदन के बाद इसे भारत सरकार के पास अनुमोदन हेतु भेजा गया।

मूल्यवान धातुओं के नियंत्रण तथा मुहरांकन पर वियेना समझौते पर आरोहण – वियेना समझौते के पालन हेतु जारी प्रयासों के एक भाग के रूप में सितम्बर 2006 में प्राग में तथा मार्च 2007 में जिनेवा में भारतीय शिष्टमंडल ने समझौते की स्थायी समिति की बैठक में भाग लिया। वियेना समझौते के पालन से आभूषण के निर्यात में सुविधा मिलेगी।

यूरोपियन एस्से आफिसेस (एएईएओ) की सदस्यता

मूल्यवान धातुओं के नियंत्रण और मुहरांकन पर समझौते की स्थायी समिति की 59वीं बैठक में भाग लेने के लिए गए भारतीय शिष्टमंडल के दौरे की रिपोर्ट और 18–19 सितम्बर 2006 को प्राग में आयोजित यूरोपीय आकलन कार्यालय संघ (एईएओ) की बैठक के आधार पर भारत (भा मा ब्यूरो) एईएओ के सदस्य बनने के मामले को सैद्धांतिक रूप से अनुमोदन दिया गया और इसे भा मा ब्यूरो की कार्यकारिणी समिति के अनुमोदन के बाद भारत सरकार के अनुमोदन हेतु भेजा जा रहा है।

एईएओ का सदस्य बनने से न केवल उपयोगी तकनीकी जानकारी मिलेगी, बल्कि भारतीय आकलन और हॉलमार्किंग केन्द्रों द्वारा राउंड रोबिन परीक्षणों में भाग लेने से इन केन्द्रों की साख स्थापित करने में सहायता मिलेगी और तकनीकी संदर्भों में भारत द्वारा वियेना समझौते के अधिग्रहण में सुविधा मिलेगी।

Market Survey of Non-Hallmarked Jewellery– On the advice of the Ministry of Consumer Affairs, a market survey was got conducted during the year 2006 in 16 cities. Out of 162 samples taken and tested for purity, 146 samples (90%) were found short in purity with average shortfall of 13.5 percent and maximum shortfall of 44.66 percent.

Draft Bureau of Indian Standards (Hallmarking of Precious Metals) Regulations, 2007 – To provide a legal back up to Hallmarking scheme, Draft Bureau of Indian Standards (Hallmarking of Precious Metals) Regulations were formulated and after the approval of Executive Committee(EC), were sent to Government of India for approval.

Accession to Vienna Convention on Control and Marking of Precious Metals – As a part of ongoing efforts for accession to Vienna Convention the meeting of the Standing Committee of the convention was attended by an Indian delegation in September 2006 at Prague and March 2007 in Geneva. Accession to the convention will facilitate export of jewellery.

Membership of Association of European Assay Offices (AEAO)

Based on the report of visit of Indian Delegation to attend 59th Meeting of the Standing Committee of the Convention on Control and Marking of Precious Metals and meeting of Association of European Assay Offices (AEAO) held on 18-19 September 2006 at Prague, the matter of India (BIS) becoming a member of AEAO has been approved in principle and is being sent for Government approval after the approval of EC, BIS is obtained.

Becoming member of AEAO will not only provide useful technical information but participation in Round Robin tests by Indian Assaying and Hallmarking centres will help establish the credibility of the centres and will facilitate accession to the Vienna convention by India in technical terms.

प्रबंध पद्धति प्रमाणन

भा मा ब्यूरो ने प्रबंध पद्धतियों के लिए अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय मानकों के अनुसार निम्नलिखित प्रमाणन सेवाएँ प्रदान करना जारी रखा :

क) आईएस/आईएसओ 9001 : 2000 के अनुसार गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना।

ख) आईएस/आईएसओ 14001 : 2000 के अनुसार पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना।

ग) आईएस 15000 : 1998 के अनुसार खाद्यजनित हानि विश्लेषण और क्रांतिक नियंत्रण बिन्दु प्रमाणन योजना।

घ) आईएस 18001 : 2000 के अनुसार व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना।

विभिन्न प्रबंध पद्धति प्रमाणन (एमएससी) योजनाओं के प्रोत्साहन हेतु अनेक प्रशंसा कार्यक्रमों के आयोजन किए गए और विभिन्न संगठनों में प्रस्तुतीकरण भी किए गए थे।

विभिन्न प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजनाओं से वर्ष के दौरान हुई आय 25 मिलियन रु. थी।

गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना

भा मा ब्यूरो गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना सितम्बर 1991 में *भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम*, 1986 के तहत शुरू की गई थी। योजना आईएसओ/आईईसी मार्गदर्शिका 62 के अनुसार चलाई जा रही है – गुणता पद्धतियों के मूल्याँकन तथा प्रमाणन/पंजीकरण करने वाले निकायों के लिये सामान्य अपेक्षाएँ हैं।

इस योजना में वृद्धि जारी रही और वर्ष 2006–07 के दौरान 74 गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस प्रदान किए गए हैं। वर्ष के दौरान क्यूएमएससीएस के अंतर्गत प्रतिष्ठित संगठन जैसे विदेशी व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी), एनटीपीसी, भारतीय नाभिकी विद्युत कॉर्पोरेशन लि., भारतीय खाद्य निगम, राष्ट्रीय रेलवे संग्रहालय, एचएएल, भाखड़ा ब्यास प्रबंध मंडल, भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी), भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल), कलकत्ता मेडिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट, भारतीय दूर संचार विनियामक प्राधिकरण (टीआरएआई), क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, आयुध फैक्टरी, अस्पताल, आर्मी बेस वर्कशॉप, केनरा बैंक और आंध्रा बैंक को

MANAGEMENT SYSTEMS CERTIFICATION

BIS continued to provide the following Certification services as per International/National standards for management systems:

a) Quality Management Systems Certification Scheme as per IS/ISO 9001 : 2000

b) Environmental Management Systems Certification Scheme as per IS/ISO 14001 : 2000

c) Hazards Analysis and Critical Control Point (HACCP) Scheme as per IS 15000 : 1998

d) Occupational Health and Safety Management Systems Certification Scheme as per IS 18001 : 2000

For the promotion of various Management Systems Certification (MSC) schemes, a number of appreciation programmes were conducted and presentations were also made in various organizations.

The income generated during the year from various MSC Schemes was Rs. 25 million.

Quality Management Systems Certification Scheme

BIS Quality Management Systems Certification Scheme (QMSCS) as per IS/ISO 9001 was launched in September 1991 under the provisions of the *Bureau of Indian Standards Act*, 1986. The Scheme is being operated in accordance with ISO/IEC Guide 62 – General requirements for bodies operating assessment and certification/registration of quality systems.

The Scheme continued to grow and during 2006-07, 74 Quality Management Systems Certification licences have been granted. During the year, under QMSCS, prestigious organizations like Directorate General Foreign Trade (DGFT), NTPC, Nuclear Power Corporation of India Ltd. Food Corporation of India, National Railway Museum, HAL, Bhakra Beas Management Board, Export Credit Guarantee Corporation (ECGC) of India, Bharat Sanchar Nigam Ltd. (BSNL), Calcutta Medical Research Institute, Telecom Regulatory Authority of India (TRAI), Regional Passport Office, Ordnance Factories, Hospitals, Army Base workshops, Canara Bank and Andhra Bank

भा मा ब्यूरो द्वारा आईएसओ 9001 : 2000 द्वारा प्रमाणित किया गया। दिनांक 31 मार्च 2007 को कुल प्रचालित लाइसेंसों की संख्या 1 274 है (*देखें* आकृति 4)।

भा मा ब्यूरो क्यूएमएससी के पास विदेशों के लाइसेंस हैं नामतः भूटान और काबुल। काबुल के लिए लाइसेंस को हाल ही में अफगानिस्तान रिकंस्ट्रक्शन एण्ड डेवलपमेंट सर्विसेज़ को प्रदान किया गया है, जो अफगानिस्तान में किसी संगठन को दिया जाने वाला ऐसा पहला प्रमाणन है।

आकृति 4 गुणता पद्धति प्रमाणन लाइसेंसों की संख्या (31 मार्च को प्रचालन में)

Fig. **4 Number of Quality System Certification Licences (Operative as on 31 March)**

have been certified by BIS for ISO 9001 : 2000. The total number of operative licences as on 31 March 2007 is 1 274 (*see* Fig. 4).

BIS QMSC has licences from overseas as well namely, Bhutan and Kabul. The licence at Kabul has been recently granted to the Afghanistan Reconstruction & Development Services which is the first ever such certificate granted to any organization in Afghanistan.

भा मा ब्यूरो गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजनाओं का प्रत्यायन

भा मा ब्यूरो गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन को 23 प्रमुख आर्थिक गतिविधियों के लिए राड वूर एक्रेडिटेटी (आरवीए), नीदरलैंड द्वारा प्रत्यायित किया गया है। बताई गई आवश्यकताओं के पालन की पुष्टि के लिए आरवीए द्वारा इस योजना का नियमित लेखा परीक्षण किया जाता है। आरवीए द्वारा 1–5 मई 2006 के दौरान भा मा ब्यूरो क्यूएमएस के लिए निगरानी लेखा परीक्षण किए गए।

आरवीए प्रत्यायन के अलावा, भा मा ब्यूरो क्यूएमएससीएस का प्रत्यायन भी 9 आर्थिक क्षेत्रों के लिए भारतीय गुणता परिषद (क्यूसीआई) के राष्ट्रीय प्रमाणन निकाय प्रत्यायन मंडल (एनएबीसीबी) द्वारा किया गया है। यह प्रत्यायन 22 दिसम्बर 2005 से प्रभावी हुआ है और 21 दिसम्बर 2008 तक वैध है। भा मा ब्यूरो द्वारा भारतीय गुणता परिषद से अपने प्रत्यायन प्रमाणपत्रों में और अधिक विषय क्षेत्र शामिल करने के लिए कहा गया है। एनएबीसीबी, क्यूसीआई ने 2006–07 के दौरान भा मा ब्यूरो क्यूएमएस के लिए प्रथम निगरानी लेखा परीक्षण किया।

खाद्यजनित हानि विश्लेषण तथा क्रांतिक नियन्त्रण बिन्दु (एचएसीसीपी)

खाद्यजनित हानि विश्लेषण तथा नियन्त्रण बिन्दु (एचएसीसीपी) खाद्यान्न उत्पादन में सूक्ष्मजीवी तथा अन्य जोखिमों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिये तैयार की गई एक प्रक्रिया नियन्त्रण पद्धति है। एचएसीसीपी का उपयोग पूरी खाद्यान्न श्रृंखला– उत्पादक से अंतिम उपभोक्ता तक किया जा सकता है और यह योजना आई एस 15000 : 1998 – 'खाद्य स्वास्थ्य विज्ञान – एचएसीसीपी पद्धतियाँ तथा मार्गदर्शी सिद्धांतों' पर आधारित है जो तकनीकी रूप से कोडेक्स एलिमेंटेरियस स्टेंडर्ड एलीनार्म – 97/13ए के समकक्ष है। 31 मार्च 2007 के अनुसार एचएसीसीपी एकीकृत गुणता पद्धति प्रमाणन योजना के तहत 67 कम्पनियाँ प्रचालित थीं। प्रमाणन के लिये अपनाई गई प्रक्रिया गुणता पद्धति प्रमाणन योजना की प्रक्रिया जैसी है। यह योजना निर्यातकों को खाद्य तथा खाद्य उत्पादों के क्षेत्र में विशेष कर अमेरिका तथा यूरोप जैसे देशों को निर्यात के मामलों में मदद करेगी। भा मा ब्यूरो द्वारा आईएस 15000 के अनुसार एक स्टैण्ड अलोन एचएसीसीपी प्रमाणन योजना का भी प्रस्ताव दिया जाता है।

Accreditation of BIS Quality Management Systems Certification Schemes

BIS Quality Management Systems Certification has been accredited by Raad voor Accreditatie (RvA), Netherlands for 23 major economic activities. The scheme is regularly audited by RvA to confirm compliance to the laid down requirements. RvA had undertaken the surveillance audit for BIS QMS during the period 1-5 May 2006.

Besides RvA accreditation, BIS QMSCS has also been accredited by National Accreditation Board for Certification Bodies (NABCB) of Quality Council of India (QCI) for 9 economic sectors. The accreditation has been effective from 22 December 2005 and is valid upto 21 December 2008. BIS is further taking up with QCI to include additional scope sectors in their accreditation certificate. NABCB, QCI had undertaken first surveillance audit for BIS QMS during 2006-07.

Hazard Analysis and Critical Control Point Certification (HACCP)

Hazard Analysis and Critical Control Point (HACCP) is a process control system designed to identify and prevent microbial and other hazards in food production. HACCP can be applied throughout the food chain from primary producer to final consumer. This scheme is based on IS 15000 : 1998 'Food Hygiene – HACCP Systems and Guidelines' which is technically equivalent to the Codex Alimentarious Commission Standard ALINORM – 97/13A, the International Standard on the subject. Under the HACCP Integrated Quality Management Systems Certification Scheme 67 certified companies were in operation as on 31 March 2007. The process followed for certification is similar to the process of QMSCS. This scheme will help the exporters in the field of food and food products especially for export to the countries like USA and Europe. BIS also offers a standalone HACCP Certification Scheme as per IS 15000.

पर्यावरण प्रबन्ध पद्धति प्रमाणन योजना

भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आईएस/आईएसओ 14001 के अनुसार शुरू की गई पर्यावरण प्रबंध पद्धति (ईएमएस) की लोकप्रियता जारी है। वर्ष के दौरान 20 ईएमएस लाइसेंस प्रदान किये गये, जिससे 31 मार्च 2007 को प्रचालित लाइसेसों की संख्या बढ़ कर 124 हो गई। इन लाइसेसों में एकीकृत इस्पात संयंत्र, थर्मल पावर संयंत्र, ऐरोनॉटिक उद्योग, परमाणु ऊर्जा स्टेशन, वस्त्रादि, प्लास्टिक, सीमेंट, निर्माण, वैद्युत बिजली तथा दूर–संचार केबल, पेट्रोलियम रिफाइनरी, कीटनाशक तथा औद्योगिक तथा विस्फोटक रसायन, रेलवे वैगन वर्कशॉप, खनन जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र शामिल हैं।

ईएमएस प्रमाणन योजना का प्रचालन आईएसओ/आईईसी मार्गदर्शिका 66 में बनाए गए अंतर्राष्ट्रीय मानदण्डों के अनुसार किया जाता है। भा मा ब्यूरो ने अपनी ईएमएस प्रमाणन योजनाओं के प्रत्यायन के लिए भारतीय गुणता परिषद के एनएबीसीबी में आवेदन किया है। प्रलेख लेखापरीक्षण का कार्य एनएबीसीबी के साथ पूरा किया गया है तथा कार्यालय आकलन/गवाही लेखा परीक्षण की योजना अप्रैल 2007 से करने की है।

व्यावसायिक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना

भा मा ब्यूरो ने जनवरी 2003 में आई एस 18001 : 2000 के अनुसार ओएचएंडएसएमएस प्रमाणन शुरू किया जिससे संगठन किसी की कानूनी आवश्यकताओं और खतरों और जोखिमों के बारे में सूचना को ध्यान रखते हुये जिन्हें संगठन नियन्त्रित कर सकता है और अपने कर्मचारियों तथा अन्य लोगों, जिनका स्वास्थ्य तथा सुरक्षा इसके कार्यकलापों से प्रभावित है, के लिये नीति तथा लक्ष्य परिभाषित कर सकता है, योजना बना सकता है, और प्रबंध कर सकता है। वर्ष के दौरान 31 मार्च 2007 तक 9 ओएचएंडएसएमएस लाइसेंस प्रदान करते हुए कुल प्रचालित लाइसेंसों की संख्या 33 हो गई। इन लाइसेंसों में थर्मल पावर संयंत्र, सिरेमिक उद्योग, साइकिल उद्योग, गैस पावर स्टेशन, स्वास्थ्य सेवा और कर्मचारी विकास केंद्र जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र शामिल हैं।

यह उल्लेख किया जाता है कि इस विषय पर आईएस 18001 ऐसा प्रथम राष्ट्रीय मानक है जो विश्वव्यापी है, यह प्रमाणन के अधीन है।

नई प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजनाएँ

क) खाद्य सुरक्षा प्रबंध पद्धतियों (एफएसएमएस) पर आईएसओ 22000 के प्रकाशन से भा मा ब्यूरो ने इस अंतर्राष्ट्रीय मानक को आईएस/आईएसओ 22000 : 2005 के रूप में

Environmental Management Systems Certification Scheme

The Environmental Management Systems (EMS) Certification Scheme launched by BIS as per IS/ISO 14001, continues to be popular. During the year, 20 EMS licences have been granted making a total of operative licences to 124 as on 31 March 2007. These licences cover technology areas like integrated steel plants, thermal power plants, aeronautical industries, atomic power stations, textiles, plastic, cement, construction, electrical and telecommunication cables, petroleum refinery, insecticides, industrial and explosive chemicals, railway wagon workshops, mining etc.

The EMS Certification Scheme is operated as per International criteria laid down in ISO/IEC Guide 66. BIS has applied to NABCB of QCI for accreditation of its EMS Certification Scheme. Document audit has already been completed with NABCB and office assessment/witness audit is being planned for April 2007.

Occupational Health and Safety Management Systems Certification Scheme

BIS launched Occupational Health and Safety Management Systems (OH&SMS) certification as per IS 18001 : 2000, in January 2003, which essentially enables an organization to define, plan and manage a policy and objectives, taking into account legislative requirements and information about significant hazards and risks, which the organization can control and over which it can be expected to have an influence, to protect its employees and others, whose health and safety may be affected by the activities of the organization. During the year, 9 OH&SMS licences have been granted making a total of operative licences to 33 as on 31 March 2007. The licences cover technology areas like thermal power plants, ceramic industry, cycle industry, gas power station, health services and employee development centre.

It may be mentioned that IS 18001 is the first National standard world wide on the subject which is amenable to certification.

New Management Systems Certification Schemes

a) With the publication of ISO 22000 on Food Safety Management Systems (FSMS), BIS has adopted this International Standard as IS/ISO 22000 : 2005.

अपनाया है। यह पद्धति खाद्य श्रृंखला के अंदर आने वाले सभी संगठनों को खाद्य सुरक्षा प्रबंध पद्धति कार्यान्वयन की अनुमति देती है और यह एचएसीसीपी पद्धति की तुलना में थोड़ी अधिक व्यापक है। भा मा ब्यूरो ने एफएसएमएस के लिए भी प्रमाणन योजनाएँ आरंभ की हैं और एफएसएमएस प्रमाणन हेतु अन्य दस्तावेजों के साथ आवेदकों के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत निर्धारित किए हैं।

ख) भा मा ब्यूरो ने लोक सेवा संगठनों के लिए सेवा गुणता पर आईएस 15700 : 2005 निर्धारित किया है। भारत सरकार ने भा मा ब्यूरो से 15700 : 2005 के लिए प्रमाणन हेतु 10 विभागों को चुना है। यह मानक अंततः सरकार और नागरिक अंतरापृष्ठ पर ध्यान केन्द्रित करने एवं लोक सेवा प्रदाय की गुणता में सुधार लाने के उद्देश्य से लोक सेवा संगठनों के साथ विशिष्ट रूप से अभिकल्पित किया गया है। इस विषय में भा मा ब्यूरो ने मार्गदर्शी सिद्धांतों, जांच सूचियों और अन्य सभी प्रलेखों का विकास किया है और अब यह प्रमाणन के लिए तैयार है।

ग) सूचना सुरक्षा प्रबंध पद्धति (आईएसएमएस), आईएस/आईएसओ 27001 : 2005 के अनुसार सूचना सुरक्षा प्रबंध पद्धति की स्थापना, कार्यान्वयन, निगरानी, रख–रखाव और सुधार के लिए एक मॉडल प्रदान करता है, जो इसके प्रयोक्ताओं को एक संगठन की सूचना सुरक्षा आवश्यकताओं और सूचना सुरक्षा के लिए नीति तथा उद्देश्यों की स्थापना की आवश्यकता को समझने के महत्व पर बल देता है।

प्रवर्तन गतिविधियाँ

भा मा ब्यूरो प्रमाणन मुहर (आईएसआई मुहर) की गुणतापूर्ण उत्पादों के प्रति झुकाव रखने वाले उपभोक्ताओं के बीच एक अच्छी छवि है। अतः उपभोक्ता और साथ ही संगठित क्रेता गैर–आईएस उत्पादों की तुलना में आईएस मुहर वाले उत्पादों को अधिक प्राथमिकता देते हैं। आईएसआई मुहर की बढ़ती मांग के साथ आईएसआई मुहर के दुरुपयोग की घटनाएँ भी बढ़ रही है, क्योंकि धोखेबाज विनिर्माता भा मा ब्यूरो से लाइसेंस प्राप्त किए बिना घटिया स्तर के उत्पादों पर आईएसआई मुहर लगाकर उपभोक्ताओं को धोखा देने का प्रयास करते हैं।

भा मा ब्यूरो मानक मुहर के दुरुपयोग की घटना भा मा ब्यूरो के लिए प्रमुख चिंता के विषयों में से एक है और इस समस्या से निपटने के लिए भा मा ब्यूरो के प्रवर्तन गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने के लिए अनेक कदम उठाए गए है। वर्ष 2006–07 में 8 स्थानों पर 2 आउटसोर्स की गई एजेंसियों को नियुक्त किया गया, जिनके नाम हैं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुम्बई, चेन्नई, कोलकता, हैदराबाद, अहमदाबाद, बैंगलोर और जयपुर में पहली बार भा मा ब्यूरो द्वारा प्रायोगिक परियोजना आरंभ की गई ताकि उन विनिर्माताओं के बारे में जानकारी दी जा सके जो भा मा ब्यूरो से लाइसेंस लिए बिना अपने उत्पादों पर आईएसआई मुहर का दुरुपयोग कर रहे हैं।

वर्ष के दौरान भा मा ब्यूरो ने पूरे भारत में भा मा ब्यूरो की मानक मुहर का दुरुपयोग करने वाली फर्मों पर 212 प्रवर्तन छापे डाले। इन छापों

This system is designed to allow all types of organizations within the food chain to implement a food safety management system and is a little more comprehensive compared to HACCP system. BIS has also launched certification schemes for FSMS and has formulated guidelines for applicants and other documents for FSMS certification.

b) BIS has formulated IS 15700 : 2005 on Service Quality for Public Service Organizations. Government of India has identified 10 departments for certification against IS 15700 : 2005 from BIS. The standard has been specifically designed for public service organizations with the ultimate objective of focusing on Government – citizen interface and improves quality of public service delivery. In this regard BIS, has developed guidelines, checklist and all other documents and is ready for certification.

c) The Information Security Management Systems (ISMS) as per IS/ISO 27001:2005 provides a model for establishing, implementing, monitoring, maintaining and improving an Information Security Management System which encourages its users to emphasize the importance of understanding an organizations information security requirements and need to establish policy and objectives for information security.

ENFORCEMENT ACTIVITIES

The BIS Standard Mark (ISI Mark) has a good brand image as the consumer is inclined towards quality products. Therefore, the consumer as well as the organized purchaser is giving preference to the ISI marked products over non-ISI products. With the growing demand of ISI marked the instance of misuse of ISI Mark is also on the rise as the unscrupulous manufacturers are trying to cheat the consumers by producing sub-standard products with ISI Mark without obtaining then licence from BIS.

The menace of misuse of the BIS Standard Mark is an area of prime concern for BIS and several steps have been initiated to strengthen the enforcement activity of BIS to curb this menace. In the year 2006-07, two outsourced agencies were appointed for 8 locations, namely, National Capital Region (NCR), Mumbai, Chennai, Kolkata, Hyderabad, Ahmedabad, Bangalore and Jaipur as a pilot project for the first time in BIS to provide the information about the manufacturers who are misusing the ISI Mark on the product without having the licence from BIS.

During the year BIS has carried out 212 enforcement raids all over India on firms misusing the BIS Standard Mark.

के दौरान विभिन्न नकली उत्पाद, जिनमें अनेक घरेलू उत्पाद शामिल है, जब्त किए गए जैसे पैकेज बंद पेयजल, सीमेंट, पीवीसी इंसुलेटिड केबल, प्लाइवुड और ब्लॉकबोर्ड, पशु आहार, पीवीसी पाइप, एलपीजी स्टोव, फुट मिक्सर, स्विच/सॉकिट, बल्ब, पम्प और अन्य विद्युत उपकरण आदि। प्रवर्तन मामलों के शीघ्र प्रसंसाधन के भी प्रयास किए गए हैं तथा इसके फलस्वरूप अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालयों में अभियोजन आरंभ किए गए हैं। वर्ष के दौरान भा मा ब्यूरो के पक्ष में 36 प्रवर्तन मामलों का निर्णय दिया गया है।



During these raids, various spurious products including many household products were seized such as Packaged Drinking Water, Cement, PVC Insulated Cables, Plywood and block board, Cattle Feed, PVC Pipes, LPG Stoves, food mixers, switches/ sockets,bulbs,pumps and other Electrical Appliances, etc. Efforts are also being made for timely processing of the enforcement cases and consequent launching of the prosecutions against the offenders in the Courts. During the year, 36 enforcement cases have been decided in favour of BIS.

भा मा ब्यूरो ने मुख्यालय और अपने कार्यालयों से देश भर में प्रिंट तथा इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से धोखेबाज विनिर्माताओं के विरुद्ध उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से व्यापक कवरेज देते हुए प्रवर्तन छापों के विषय में अनेक प्रेस विज्ञप्तियाँ जारी की हैं, जो आईएसआई मुहर का दुरुपयोग करते हैं। इन विनिर्माताओं के नाम के साथ उनके ब्रांड नाम, जिनका उपयोग ये विनिर्माता नकली उत्पादों पर कर रहे हैं, का भी उल्लेख प्रेस विज्ञप्तियों में किया गया है। उपभोक्ता संगठनों और तत्कालीन विनिर्माता संघों के साथ इस उद्देश्य से बैठकों का आयोजन किया गया है कि उन्हें आईएसआई मुहर के दुरुपयोग के बारे में शिक्षित करने के साथ उन विनिर्माताओं के बारे में जानकारी भी दी जाए जो आईएसआई मुहर का दुरुपयोग करते हैं।

BIS has also issued a number of press releases about the enforcement raids from Headquarters and its Offices all over the country for giving wide coverage by both the print and electronic media with the intention to create awareness among the consumers about the unscrupulous manufacturers who are misusing ISI Mark . The names of such manufacturers alongwith brand names which are being used buy them on the spurious products are also being mentioned in the press releases. Meetings are also organized with the consumer organizations and then manufacturers associations with an objective not only to educate them about the misuse of the ISI Mark but also with an intention to get information about the manufacturers who are misusing the ISI Mark.

प्रयोगशाला सेवाएँ

भा मा ब्यूरो की प्रयोगशालाएँ मूल रूप से गैर–वाणिज्यिक प्रयोगशालाएँ है और इन्हें नमूनों के स्वतंत्र परीक्षण के लिए स्थापित किया गया है, जिन्हें भा मा ब्यूरो उत्पाद प्रमाणन योजना के अंतर्गत फैक्टरी और बाज़ार से लिया जाता है। नमूनों की परीक्षण रिपोर्ट परीक्षण के बाद शाखाओं द्वारा दिए गए निर्देशानुसार संबंधित शाखा कार्यालयों को प्रदान की जाती है। परीक्षण की प्रक्रिया के दौरान नमूने की प्राप्ति की तिथि से उसकी गोपनीयता परीक्षण रिपोर्ट जारी होने तक बनाई रखी जाती है।



LABORATORY SERVICES

BIS laboratories are basically non commercial laboratories and have been set up for independent testing of samples which are drawn both from factory and market under BIS product certification scheme. The test reports of the samples so drawn are provided to tho concerned branch offices of Bureau after testing in accordance with the corresponding Indian Standards and as directed by the branches. During the process of testing, confidentiality of samples is maintained right from their receipt in sample cell till the issuance of test reports.

पहली भा मा ब्यूरो प्रयोगशाला की स्थापना 1963 में मानक भवन स्थित मुख्यालय में की गई थी। किस्म और मात्रा के संदर्भ में कार्यभार के साथ गति बनाए रखते हुए प्रयोगशाला की सक्रियता आने वाले वर्षों में बढ़ती रही है तथा भा मा ब्यूरो ने साहिबाबाद, मुम्बई, चेन्नई, कोलकता, बैंगलोर, मोहाली, पटना और गुवाहाटी में प्रयोगशालाओं की स्थापना की है।

वर्तमान में भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाएँ रसायन, यांत्रिक और विद्युत विषयों के क्षेत्र में परीक्षण सेवाएँ प्रदान करती है। रासायनिक प्रयोगशालाओं में खाद्य परीक्षण एक अविभाज्य भाग के रूप में किया जाता है। साहिबाबाद में स्थित केन्द्रीय प्रयोगशाला में आंतरिक अंशशोधन सेवाएँ प्रदान करने के लिए एक विद्युत अंशशोधन अनुभाग भी है।



आकृति 5 भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं द्वारा जारी परीक्षण रिपोर्टों की संख्या

Fig. **5 Number of Test Reports Issued by BIS Laboratories**

The first BIS laboratory was set up at BIS Headquarters at Manak Bhavan in 1963. In order to keep pace with the work load in terms of variety and quantity, the laboratory activity continued to expand over the years and BIS established in phases, its own laboratories at Sahibabad, Mumbai, Chennai, Kolkata, Bangalore, Mohali, Patna and Guwahati.

At present, BIS laboratories are providing testing facilities in the field of chemical, mechanical and electrical disciplines. Food testing is an integral part of the chemical laboratories. Central Laboratory at Sahibabad has also an electrical calibration section to provide in-house calibration services.

उत्पादकता

वर्ष 2006–2007 के दौरान, भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं ने लगातार घटती जनशक्ति के बावजूद उत्पादों की व्यापक परास पर 30 750 के लक्ष्य की तुलना में 26 945 परीक्षण रिपोर्टें जारी कीं। परीक्षण में संलग्न परीक्षण कार्मिकों की संख्या 180 की स्वीकृत संख्या के तुलना में अब 136 है। आकृति 5 में पिछले 4 वर्षों के लिए भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं के परिणाम दर्शाए गए हैं।

गुणता आश्वासन गतिविधियाँ

गुणता आश्वासन भा मा ब्यूरो की सभी प्रयोगशालाओं के परीक्षण परिणामों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण कार्य है। भा मा ब्यूरो की आठ प्रयोगशालाओं में से छः प्रयोगशालाएँ एनएबीएल प्रत्यायित हैं। सभी प्रयोगशालाओं को आई एस/आई एस ओ/आई ई सी 17025 : 2005 की आवश्यकताओं के अनुसार उनकी गुणता प्रबंध पद्धतियों के अनुसार बनाया गया है। वर्ष के दौरान गुणता आश्वासन विभागों द्वारा निष्पादित अन्य विभिन्न कार्य इस प्रकार हैं :

i) गुणता आश्वासन परीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 5 प्रतिशत नमूनों का गुणता आश्वासन परीक्षण किया गया।

ii) भा मा ब्यूरो की प्रयोगशालाओं ने इस्पात ट्यूब, प्रेशर कुकर, प्लग एवं सॉकेट, एचएसडी बार, पैकेजबंद पेयजल, यूपीवीसी पाइप, जीएलएस लैम्प, और कॉन्क्रीट क्यूब आदि जैसे उत्पादों के विभिन्न प्राचलों के लिए प्रवीणता परीक्षण कार्यक्रम में भाग लिया गया।

iii) अधिकारियों और तकनीकी कार्मिकों ने आयोजित निम्नलिखित परीक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया:

- आईएसओ/आईईसी 17025 : 2005 के अनुसार लेखा–परीक्षा तकनीकें और अपेक्षाएँ
- अनिश्चिता के मापन का आकलन

Productivity

During the year 2006-2007, BIS laboratories issued 26 945 test reports against a target of 30 750 covering a vide range of products inspite of constant depletion of manpower. The strength of testing personnel involved in the testing is now 136 against the sanctioned strength of 180. The output in BIS Laboratories for the last four years is depicted in Fig. 5.

Quality Assurance Activities

Quality Assurance is an important activity in all BIS laboratories to ensure the credibility of test results. Out of eight laboratories, six laboratories of BIS are NABL accredited. All the laboratories have aligned their Quality Management System inline with the requirements of IS/ISO/IEC 17025 : 2005. The various other functions performed by the Quality Assurance Departments during the year are as under:

i) Approximately 5 percent samples were tested under Quality Assurance testing programme to verify the accuracy of the test results as reported.

ii) BIS laboratories participated in Proficiency testing programmes for products such as Steel tubes, Pressure Cooker, Plug & Socket, HSD Bars, Packaged Drinking Water, UPVC Pipes, GLS Lamps, and Concrete Cubes.

iii) Officers & technical personnel participated in the following training programmes :

- Auditing techniques and requirements as per IS/ISO/IEC 17025:2005
- Estimation of measurement of uncertainty

H164(misc)
9-6-2010

iv) शिकायत निपटान भी गुणता आश्वासन गतिविधियों के अंतर्गत निष्पादित महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। जहाँ कहीं शिकायतें प्राप्त होती है तो शिकायत के वास्तविक कारण का विश्लेषण किया जाता है और उपयुक्त सुधारात्मक तथा निवारणात्मक कार्रवाइयाँ की जाती है और उनकी निगरानी की जाती है। इस गतिविधि का भी सुधारात्मक/निवारणात्मक कार्ययोजनाओं के सत्यापन हेतु आंतरिक लेखा परीक्षण कराया जाता है।

उत्पाद परीक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

परीक्षण विधियों में एकरुपता लाने के लिए भा मा ब्यूरो प्रयोशालाओं द्वारा वर्ष 2006–07 के दौरान लाइसेंसधारियों/ आवेदकों के लिए एलपीजी स्टोव, केबल और कन्डक्टर, पैकेजबंद पेयजल, खाद्य रंग आदि के उत्पाद परीक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

परीक्षण सुविधाओं का आधुनिकीकरण और अद्यतन बनाना

आधुनिकीकरण कार्यक्रम में स्थायी समिति ने आधुनिकीकरण के लिए निम्नलिखित पर केन्द्रित लगभग 175 मिलियन रु. के व्यय को अनुमोदन दिया :

- जहाँ आंशिक परीक्षण सुविधाएँ हैं वहाँ परीक्षण सुविधाओं को पूरा करना
- परीक्षण सुविधाओं का उन्नयन
- नई परीक्षण सुविधाओं का विकास
- अवसंरचना सृजन/सुधार

इस प्रक्रिया में भा मा ब्यूरो की विभिन्न प्रयोगाशालाओं द्वारा 1 करोड़ रुपए की कीमत के उपकरणों के क्रयादेश दिए गए तथा उनकी संस्थापना के लिए अवसंरचना का विकास किया जा रहा है।

भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं की नेटवर्किंग

